दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित








● नई दिल्ली | गुरुवार 6 फरवरी-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 48 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







दिल्ली विधानसभा का एग्जिट पोल

## दिल्ली में तख्तापलट... खिलेगा कमल!

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के बाद आए लगभग सभी एग्जिट पोल में भारतीय जनता पार्टी के 26 साल से अधिक समय बाद राष्ट्रीय राजधानी की सत्ता में वापसी की संभावना जताई गई है। दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीट के लिए बुधवार को मतदान संपन्न हुआ। मतगणना आठ फरवरी को होगी। चुनाव के बाद लगभग सभी चुनाव सर्वेक्षण एजेंसियों ने भाजपा की जीत और आम आदमी पार्टी (आप) की हार का अनुमान व्यक्त किया है। अधिकतर सर्वेक्षणों में एक बार फिर संभावना जताई गई है कि कांग्रेस के लिए खाता खोलना भी मुश्किल हो सकता है।

**दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025**

**11 एग्जिट पोल के पोल ऑफ पोल्स**

| भाजपा+ | आप | कांग्रेस |
|---|---|---|
| 39 | 30 | 01 |

सीटें 70 | बहुमत 36

**एजेंसी:** मैट्रिज, पीपुल्स इनसाइट, पीपुल्स पल्स, जेवीसी पोल्स, पी-मार्क चाणक्य स्ट्रेटजीज, पोल डायरी, डीवी रिसर्च, वीप्रिसाइड, माइंड ब्रिंक, SAS

'मैट्रिज' के सर्वेक्षण के अनुसार, भाजपा 39 से 35 सीट जीतकर सरकार बना सकती है। इस एजेंसी ने आप को 32 से 37 तथा कांग्रेस को शून्य से दो सीट मिलने का अनुमान जताया है। 'पी-मार्क' के एग्जिट पोल में संभावना जताई गई है कि भाजपा 39-49 सीट जीतकर पूर्ण बहुत की सरकार बना सकती है। इस सर्वेक्षण में आप को 21 से 31 और कांग्रेस को 0-1 सीट मिलने की संभावना जताई गई है। 'पीपुल्स इनसाइट' के सर्वेक्षण में कहा गया है कि भाजपा को 40-44 सीट मिल सकती हैं। उसका अनुमान है कि आप को 25-29 तथा कांग्रेस को 0-2 सीट मिल सकती हैं।

'पीपुल्स प्लस' के एग्जिट पोल में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान जताया गया है। इसके अनुसार, भाजपा को 51-60 सीट मिल सकती हैं तो आप को सिर्फ 10-19 सीट से ही संतोष करना पड़ सकता है। इस सर्वेक्षण में कहा गया है कि कांग्रेस का लगातार तीसरे विधानसभा चुनाव में खाता खुलने की संभावना नहीं है। 'पोल डायरी' के सर्वेक्षण का अनुमान है कि भाजपा को 42-50 सीट मिल सकती हैं तथा आप 18-25 सीट के साथ सत्ता से बाहर हो सकती है। सर्वेक्षण में कांग्रेस को 0-2 सीट मिलने का अनुमान जताया गया है।

## क्रॉसिंग की खाली कराई गई भूमि पर बनेंगे बैंकेट, स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स, व्यावसायिक भवन : महापौर सुनीता दयाल

### महापौर ने कुछ समय पूर्व अधिकारियों के साथ किया था निरीक्षण

### लगभग 50 हजार वर्ग मी. भूमि है निगम की क्रॉसिंग में

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाल ही में विजन नगर स्थित क्रासिंग रिपब्लिक में महापौर सुनीता दयाल ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया था और महापौर व नगर आयुक्त के निर्देशन में लगभग 40 हजार वर्ग मी. भूमि खाली भी कराई गई है लेकिन अभी लगभग 10 हजार वर्ग मी. कब्जा मुक्त होनी है। महापौर सुनीता दयाल व निगम अधिकारी लगातार नगर निगम की भूमि खाली कराने का कार्य कर रहे हैं जिसमें महापौर स्वयं मौके पर जाकर कार्यवाही के निर्देश भी दे रही हैं जिससे भविष्य के लिए नगर निगम ख्याति को बचाया जा सके।



### नगर निगम की आय में वृद्धि के लिए उपयोग होगी भूमि : महापौर

**करंट क्राइम।** निरीक्षण के दौरान महापौर ने देखा कि क्रॉसिंग से ट्रीटमेंट प्लांट मुख्य रोड पर यह भी है जिसमें नगर निगम द्वारा आय के स्रोत बनाये जा सकते हैं और इस पर कार्य करने के लिए अधिकारियों के साथ वार्ता भी की गई है जिसमें महापौर ने उक्त भूमि पर बैंकेट हॉल, स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स,व्यावसायिक भवन,दुकान आदि बनाने की रूपरेखा तैयार की जा रही है। भूमि पर किसी भी प्रकार के भवन बनाये जाने से निगम की आय बढ़ेगी, साथ ही नगर निगम की भूमि भी सुरक्षित रहेगी। महापौर द्वारा बनाई जा रही इस योजना की सभी अधिकारियों ने भी सराहना की और इसकी प्लानिंग के लिए भी कार्य शुरू कर दिया गया है। महापौर ने पूर्व में भी कैला भट्टा एवं नूर नगर की भूमि खाली करवाई थी जिसमें कॉप्लेक्स एवं दुकानें बनाए जाने की प्रक्रिया निविदा में है और क्रासिंग में भी इसी प्रकार कार्य कर नगर निगम की आय बढ़ेगी और भूमि भी कब्जा मुक्त रहेगी।



### अतिक्रमण करने वालों को महापौर की चेतावनी



**करंट क्राइम।** महापौर ने अतिरिक्त 10 हजार वर्ग मी. भूमि पर भी नजर डाली जिसमें चार्जिंग स्टेशन बनाया हुआ है और कई तीन शेड डाल कर कब्जा किया हुआ है बहुत लोगों ने पशु पालन भी किया हुआ है जिसको मौके पर ही जल्द से जल्द स्वयं खाली करने की चेतावनी दी गयी है। महापौर सुनीता दयाल द्वारा बताया गया कि अब नगर निगम द्वारा किसी भी स्थान पर भूमि खाली कराई जाएगी तो उसे यूं ही नहीं छोड़ा जाएगा। उस पर कोई न कोई योजना बनाई जायेगी या उसकी बाउंड्री कराई जाएगी जिससे नगर निगम की भूमि भी सुरक्षित रहे और शहर में नगर निगम की भूमि पर कब्जा करने वालो के खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सम्पत्ति प्रभारी पल्लवी सिंह, सम्पत्ति अधीक्षक रामाशंकर वर्मा, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

## नदिया पार में जल्द शुरू होगा दो थानों का निर्माण कार्य

### टीलामोड़ थाने के लिए हुई चारदीवारी, जल्द नीति खंड का भी शुरु होगा काम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में इस वर्ष थानों की संख्या में इजाफा होने के साथ ही एक पुराने थाने की नई बिल्डिंग बनकर तैयार हो जाएगी। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि नदिया पार के लिए इस साल दो सौगात आ रही हैं। नीति खंड थाना मकनपुर में बनाया जाएगा, इसके लिए स्थान चिन्हित कर दिया गया है। जल्द ही यहां चारदीवारी और निर्माण का कार्य शुरू हो सकता है। तो वहीं टीलामोड़ थाना नई बिल्डिंग में शिफ्ट हो, उसके लिए भी यहां निर्माण कार्य शुरू हो गया है। बता दें कि वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत 25 थाने हैं। साथ ही साइबर थाना भी बन चुका है। बताया जा रहा है कि इस साल तक नीति खंड थाना भी बनकर तैयार हो जाएगा।




### दोनों थाने बनेंगे हाईटेक

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि नदिया पार में बनने वाले नीति खंड थाने और टीलामोड़ थाने की नई बिल्डिंग के लिए धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है। दोनों ही थाने आधुनिक और नई तकनीक से बनेंगे। यहां पुलिसकर्मियों के लिए बैरक के साथ ही थाने का पूरा कार्यालय और अन्य दफ्तरों का भी निर्माण होगा ताकि ठीक प्रकार से पुलिसकर्मी कार्य कर सके। साथ ही लाइटिंग के साथ ही यहां बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर भी प्रदान किया जाएगा।

### इस साल शुरू हो सकते हैं और भी कई नए थाने

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि वर्ष 2025 में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत सिटी, देहात और ट्रांस हिंडन जोन के अंतर्गत कई और नए थानों की शुरूआत हो सकती है। देखना होगा सिटी, ट्रांस हिंडन और देहात जोन में कितने नए थाने इस वर्ष खोले जाते हैं।

## दिल्ली चुनाव में भाजपा के पास आयेंगी 40 से 42 सीट

### दिल्ली प्रदेश सहप्रभारी अतुल गर्ग ने किया बड़ा दावा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सांसद अतुल गर्ग को इस बार भाजपा ने दिल्ली में अपने विधानसभा चुनावों की कमान सौंपी। भाजपा ने उन्हें दिल्ली प्रदेश का सह चुनाव प्रभारी बनाया। अतुल गर्ग ने भी इस दायित्व को शिद्दत से निभाया। उन्होंने चुनाव प्रचार के लिए अपना ठिकाना ही दिल्ली कर लिया वो गाजियाबाद से दिल्ली शिफ्ट गये। दिन रात चुनाव प्रचार किया है। अतुल गर्ग सियासत की नब्ज भांपना जानते हैं। उन्होंने दिल्ली में मतदान के बाद अपना एक्जिट पोल बताया। दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा 40 से 42 सीट जीत रही है। सांसद अतुल गर्ग ने दिल्ली चुनाव में मतदान के बाद कहा कि इस बार जनता का समर्थन भाजपा को मिला है। भाजपा ने कई सीटों पर मेहनत की है और यहां भाजपा सरकार बनाने की स्थिति में आ गई है। उन्होंने अपना अनुमान बताते हुए कहा कि भाजपा को कई सीटों पर अप्रत्याशित जीत मिलने जा रही है। उन्होंने कहा कि जनता ने इस बार विकास और सुशासन के नाम पर वोट दिया है।

## क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया का दिल्ली चुनाव को लेकर दावा

### 45 सीट जीतेगी भाजपा और बनायेगी सरकार



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को मतदान हुआ। दिल्ली चुनाव में भाजपा आपदा मुक्त दिल्ली के नारे के साथ लड़ी है। यहां गाजियाबाद की कई नेताओं ने डेरा डाल कर चुनाव प्रचार किया है। गाजियाबाद के विधायकों की ड्यूटी कई विधानसभाओं पर लगाई गई। गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग दिल्ली प्रदेश चुनाव के सहप्रभारी बनाये गये। दिल्ली चुनाव के नतीजों से गाजियाबाद के भाजपा नेताओं की रेपूटेशन जुड़ी है। दिल्ली चुनावों को लेकर भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया ने ये दावा किया कि भाजपा इस चुनाव में 45 सीट जीत रही है। उन्होनें कहा कि भाजपा दिल्ली में सरकार बनाने जा रही है। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया ने अपने अनुमान बताते हुए कहा कि यहां जनता ने भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों को वोट दिया है। लोग अब डबल इंजन की सरकार चाहते हैं। दिल्ली के लोग विकास चाहते हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर उनकी जनकल्याणकारी नीतियों को जनता ने पसंद किया है। भाजपा दिल्ली में सरकार बनाने जा रही है।

## नौ महीने के बच्चे का अपहरण मामला, 80 हजार में तय हुआ था सौदा

### पुलिस ने पकड़ा मास्टरमाइंड, बच्चा हुआ सकुशल बरामद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम के देहात जोन के अंतर्गत आने वाले वेव सिटी थाना पुलिस ने केवल 9 माह के बच्चे के अपहरण का मामला खोलते हुए, इस मामले के मास्टरमाइंड सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को एसीपी वेव सिटी लिपि नगायच ने जानकारी दी है कि पुलिस ने बच्चे को सकुशल बरामद करते हुए उसके परिजनों को सौंप दिया है। तो वहीं इस मामले में पुलिस ने पीड़ित परिवार के जानकारी मनोज, महावीर और हरवंश नाम के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इन्होंने उधम सिंह नगर उत्तराखंड में 9 माह के बच्चे का सौदा करीब 80 हजार रुपए में किया था। महावीर ने करीब डेढ़ महीने पहले हरवंश से एक बच्चे की डिमांड की थी और पैसे देने की बात की थी। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों गिरफ्तार किया है। राहत की बात यह है कि बच्चा सकुशल मिला है और पुलिस ने परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

### जब महिला आईपीएस अधिकारी ने परिजनों को सौंपा बच्चा




### जानकार थे अपहरणकर्ता और बस में ले गए थे उत्तराखंड तक बच्चा

**करंट क्राइम :** एसीपी वेव सिटी लिपि नगायच ने जानकारी दी है कि पीड़ित मनोज के 9 माह के बच्चे को आरोपी मनोज, महावीर और हरवंश ने प्लानिंग के तहत घर से खेलते वक्त उठाया गया था। फिर इसे रोडवेज बस की मदद से उधम सिंह नगर उत्तराखंड ले गए थे। पुलिस ने सर्विलांस और सीडीआर के आधार पर मनोज, हरवंश और महावीर की लोकेशन ट्रेस की थी। जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर वहां से प्राप्त बच्चे और तीनों आरोपियों को अपने कब्जे में लिया और बुधवार को पुलिस लाइन में इस पूरे मामले का खुलासा किया गया। पकड़े गए मनोज, महावीर और हरवंश पीड़ित को जानते थे और उसके जानकार भी थे।

### महिला आईपीएस अधिकारी ने परिवार को लौटाई खुशी

**करंट क्राइम :** बुधवार को पुलिस लाइन के परमजीत हॉल में जब आईपीएस अधिकारी लिपि नगायच ने पीड़ित मनोज और उनकी पत्नी को 9 माह के बच्चे को सुपुर्द किया तो यह नजारा उस परिवार के लिए बेहद खुशी भरे पल वाला था। पति-पत्नी ने पुलिस अधिकारी का धन्यवाद किया, तो हाथ भी जोड़कर उनका सम्मान किया। इस दौरान आईपीएस अधिकारी लिपि नगायच जो पुलिस लाइन में बुधवार को अपनी पहली प्रेसवार्ता कर रही थीं। उन्होंने अपहरत बच्चे को सकुशल बरामद करते हुए अपनी गोद में लिया, उसे खिलाया और फिर पीड़ित मां को उसकी गोद में सुपुर्द किया।



## थानावर रैंकिंग में टॉप फाइव से आउट हुए सिटी वाले थाने

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के अंतर्गत 25 थाने हैं और प्रत्येक महीने 25 थानों की वर्किंग के हिसाब से रैंकिंग रिपोर्ट आती है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 25 थाने में 24 थाने रैंकिंग के लिहाज से टॉप पर रहे हैं। तो वही विजय नगर थाने की रैंकिंग काफी नीचे जा पहुंची है। कुल 90 में से 71 अंक मिले हैं जबकि पुलिस कमिश्नरेट के 24 थानों को 90 में 90 अंक प्राप्त हुए हैं। वहीं इस माह की रैंकिंग रिपोर्ट में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन के लिए अच्छी न्यूज नहीं आई है। टॉप फाइव थानों की लिस्ट में सिटी का एक भी थाना नहीं बचा है। वहीं टॉप फाइव वाली लिस्ट में मुरादनगर पहले नंबर पर, तो भोजपुर दूसरे, लिंक रोड तीसरे, कौशांबी चौथे और महिला थाना पांचवें स्थान पर रहा है। इसके साथ ही ट्रोनिका सिटी, इंदिरापुरम, अंकुर विहार, साहिबाबाद और विजयनगर थाने की स्थिति बॉटम फाइव वाली बनी हुई है।

### बॉटम फाइव में रहे विजयनगर, साहिबाबाद, अंकुर विहार, इंदिरापुरम और ट्रॉनिका सिटी थाना

**कमिश्नरेट के 25 स्थान में 24 की रैंक रही टॉप**




### यह थाने रहे नंबर एक वाली रैंक पर नंबर वन

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में मुरादनगर, भोजपुर, लिंक रोड, कौशांबी, महिला थाना, मसूरी, कवि नगर, नगर कोतवाली, खोड़ा,मोदीनगर, टीलामोड़, नंदग्राम, क्रॉसिंग रिपब्लिक, वेव सिटी, सिहानी गेट, लोनी, निवाड़ी ,लोनी बॉर्डर, शालीमार गार्डन, मधुबन बापूधाम, ट्रोनिका सिटी, इंदिरापुरम, अंकुर विहार और साहिबाबाद थाना मासिक रैंकिंग रिपोर्ट में कुल 90 में से 90 अंक प्राप्त कर टॉप रैंक यानी एक नंबर पर रहे हैं।

### साहिबाबाद और विजयनगर की रैंकिंग रही लो

**करंट क्राइम :** रैंकिंग के पायदान में साहिबाबाद और विजयनगर की स्थिति काफी लो रही है। दोनों ही थाने बॉटम फाइव में सबसे नीचले क्रम में हैं। तो वहीं अंकुर विहार, इंदिरापुरम और ट्रोनिका सिटी को लेकर भी स्थिति में सुधार वाली गुंजाइश बताई जा रही है। कुल मिलाकर देखना होगा कि बीती कई लिस्ट से साहिबाबाद और विजयनगर की स्थिति खराब चल रही है। आने वाली तबादला लिस्ट में यहां के कोतवाल पर इसका क्या इफेक्ट होता है।

# दिल्ली विधानसभा में 57.78 प्रतिशत हुआ मतदान




## ईवीएम में बंद हुआ सभी प्रत्याशियों का भविष्य






**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा की सभी 70 सीटों पर मतदान संपन्न हुआ। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। दिल्ली में तमाम पोलिंग बूथों के बाहर वोटर्स की कतारें देखने को मिल रही हैं। बीजेपी, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के दिग्गजों ने पूरी ताकत झोंक दी है। रैली, जनसभा, नुक्कड़ सभा, रोड शो, डोर-टू-डोर कैंपेन के जरिए मतदाताओं तक पहुंचने की कोशिश हुई है। सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में 13,766 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं, जो अलग-अलग 2696 लोकेशन पर हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव से जुड़े सभी अपडेट्स यहां जानिए।

वोटिंग बढ़ाने के लिए पटेल नगर में 'चंद्रयान से चुनाव तक' थीम पर बनाया मतदान केंद्र : दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों पर बुधवार को वोटिंग जारी है। चुनाव आयोग की ओर से दिल्ली के कई पोलिंग स्टेशनों पर विशेष तौर पर सजावट की गई है, जिसे देखकर स्थानीय वोटर्स आकर्षित हों और वोट देने के लिए मतदान केंद्र पर आएं। इस कड़ी में पटेल नगर इलाके में चुनाव आयोग ने एक पोलिंग स्टेशन पर 'चंद्रयान से चुनाव तक' थीम चुनी है। पटेल नगर के एसडीएम नितिन शाक्य ने कहा कि मतदाता बहुत खुश हैं, क्योंकि हमने इस मतदान केंद्र के लिए 'चंद्रयान से चुनाव तक' थीम चुनी है। यहां कॉलेज के छात्र हैं, जिन्होंने हाथ से मॉडल बनाए हैं। वे फेस पेंटिंग कर रहे हैं और इसके साथ ही लाइव अंतरिक्ष यात्री के गेटअप में छात्र मतदाताओं की मदद कर रहे हैं। उनका हाथ पकड़कर उनका मार्गदर्शन कर रहे हैं।

मध्य दिल्ली जिले में 43.45 प्रतिशत तो पूर्वी दिल्ली में 47.09 फीसदी वोटिंग : निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार दिन में तीन बजे तक, मध्य दिल्ली जिले में 43.45 प्रतिशत, पूर्वी दिल्ली में 47.09 प्रतिशत, उत्तरी दिल्ली में 46.31 प्रतिशत, उत्तर-पश्चिमी दिल्ली में 46.81 प्रतिशत, शाहदरा में 49.58 प्रतिशत, दक्षिणी दिल्ली में 44.89 प्रतिशत, दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में 43.91 प्रतिशत, दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली में 48.32 प्रतिशत और पश्चिमी दिल्ली में 45.06 प्रतिशत मतदान हो चुका था। दिल्ली के 70 निर्वाचन क्षेत्रों में 699 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करने के लिए 13,766 मतदान केंद्रों पर मतदान जारी है।

हमें जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र से एक शिकायत मिली थी कि बीजेपी के चार टेबल लगे हुए हैं और कैश बांटा जा रहा, दिल्ली के दक्षिण पूर्व डीसीपी ने बताया जांच में क्या मिला।

दिल्ली में दक्षिण पूर्व डीसीपी रवि कुमार सिंह ने कहा, 'हमें जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र से एक शिकायत मिली थी कि बीजेपी के चार टेबल लगे हुए हैं और कैश बांटा जा रहा है। हमने वहां जाकर देखा और पाया गया कि वहां पर चार टेबल लगे हुए थे, जिसमें से तीन टेबल अलग-अलग प्रत्याशियों की थीं।

### दिल्ली विधानसभा में वोटिंग के अलग-अलग रंग

## युवाओं में भारी उत्साह, बुजुर्ग और दिव्यांगों का हौसला भी कम नहीं



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए बुधवार सुबह सात बजे से वोटिंग जारी है। 13,766 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। मतदान केंद्रों के बाहर सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। मतदान शुरू होते ही मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें देखने को मिलीं. युवाओं से लेकर बुजुर्गों-दिव्यागों तक में वोटिंग को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

दिल्ली में पांच फरवरी (बुधवार) को 70 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। 699 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला 1.56 करोड़ मतदाता करेंगे। 13,766 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा।

मतदान के लिए मतदाता सूची में नाम होना जरूरी है। मतदाता सूची में नाम होने पर मतदाता पहचान पत्र न होने की स्थिति में वोट दिया जा सकता है। चुनाव आयोग ने मतदान के लिए पहचान पत्र के रूप में 12 अन्य दस्तावेज व प्रमाण पत्रों को इस्तेमाल करने की स्वीकृति दी है। इनमें से किसी एक दस्तावेज का पहचान पत्र के रूप में इस्तेमाल कर मतदान किया जा सकता है। इनमें पासपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैक या पोस्ट ऑफिस की ओर से जारी फोटो युक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की ओर से जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आरजीआई (रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया) द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड।

फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र व राज्य, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों की ओर से कर्मचारियों को जारी फोटो युक्त पहचान पत्र, मनरेगा कार्ड, विधायक व संसद सदस्यों द्वारा जारी आधिकारिक पहचान पत्र, सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय द्वारा जारी विशेष दिव्यांग पहचान पत्र शामिल है। किसी मतदाता के घर वोटर सूचना पर्ची नहीं पहुंच पाई हो तो वे वोटर हेल्पलाइन एप, दिल्ली के सीईओ कार्यालय के वेबपोर्टल के माध्यम से मतदाता सूची





में अपना नाम देख सकते हैं और वोटर सूचना पर्ची भी डाउनलोड कर सकते हैं। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन नियमों का पालन करना सभी उम्मीदवारों, दलों और मतदाताओं के लिए अनिवार्य है। इन दिशा-निर्देशों का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखना और सभी मतदाताओं को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष वातावरण में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने में सक्षम बनाना है।

चुनाव आयोग के अधिकारियों का कहना है कि सभी संबंधित पक्षों से अपेक्षा की जाती है कि वह नियमों का पूरी तरह पालन करें, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया सुचारू और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके।

## पीएम मोदी ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी

### बोले, मां गंगा का आशीर्वाद पाकर असीम शांति और संतोष मिला

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई और कहा कि मां गंगा का आशीर्वाद पाकर मेरे मन को असीम शांति और संतोष मिला। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच संगम में स्नान करते समय प्रधानमंत्री को पूरी बांह का केसरिया रंग का कुर्ता और नीले रंग का पायजामा पहने देखा गया। उन्होंने रुद्राक्ष की माला से जाप भी किया। उनके गले में भी रुद्राक्ष की एक माला थी। उन्होंने दूध से गंगा का अभिषेक किया और माला फूल चढ़ाकर आरती की। इसके बाद पुरोहितों ने प्रधानमंत्री के माथे पर चंदन का तिलक लगाया और उन्हें गंगा जल का आचमन कराया।

संगम में स्नान के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे विधि विधान से पूजन-अर्चन किया। काले कुर्ते और केसरिया पटके एवं हिमांचली टोपी पहने प्रधानमंत्री मोदी ने वैदिक मंत्रों और श्लोकों के बीच त्रिवेणी संगम में अक्षत, नैवेद्य, पुष्प, फल और लाल चुनरी अर्पित की। इसके बाद प्रधानमंत्री ने संगम स्थल पर तीनों नदियों की आरती की। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''प्रयागराज महाकुंभ में आज पवित्र संगम में स्नान के बाद पूजा-अर्चना का परम सौभाग्य




**काले कुर्ते और केसरिया पटके एवं हिमांचली टोपी पहने प्रधानमंत्री मोदी ने वैदिक मंत्रों और श्लोकों के बीच त्रिवेणी संगम में अक्षत, नैवेद्य, पुष्प, फल और लाल चुनरी अर्पित की।**

मिला। मां गंगा का आशीर्वाद पाकर मन को असीम शांति और संतोष मिला है। उनसे समस्त देशवासियों की सुख-समृद्धि, आरोग्य और कल्याण की कामना की। हर-हर गंगे !''

प्रधानमंत्री ने अपने पोस्ट में संगम में डुबकी लगाते, सूर्यदेव को अर्घ्य देते, गंगा को प्रणाम करते और रुद्राक्ष की माला जपते हुए अपनी तस्वीरें भी साझा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''भारत की एकता के महायज्ञ महाकुंभ 2025, प्रयागराज में आज आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने पवित्र त्रिवेणी संगम में पावन स्नान कर मां गंगा, मां यमुना, मां सरस्वती का शुभाशीष प्राप्त किया। हर हर गंगे।'' उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी बयान के मुताबिक, ह्यह्यप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सुबह प्रयागराज हवाई अड्डे पहुंचे, जहां से वह 'एमआई 17' हेलीकॉप्टर में सवार होकर डीपीएस हेलीपैड उतरे। यहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत और अभिनंदन किया। यहां से प्रधानमंत्री अरैल घाट पहुंचे, जहां से विशेष नाव पर सवार होकर उन्होंने त्रिवेणी संगम का रुख किया।''

इसमें कहा गया कि नाव पर उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे जिन्होंने इस दौरान उन्हें महाकुंभ में की गई व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं के विषय में जानकारी दी।

नाव से भ्रमण के दौरान प्रधानमंत्री ने त्रिवेणी संगम में मौजूद श्रद्धालुओं का भी अभिवादन स्वीकार किया। अधिकारियों ने बताया, ''प्रधानमंत्री के दौरे में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। इसलिए कुछ क्षेत्रों में ही सुरक्षा प्रोटोकॉल को अनिवार्य किया गया और श्रद्धालु अन्य घाटों पर स्नान कर रहे हैं।''

## दिल्ली में परिवार के साथ केजरीवाल ने डाला वोट

### सीएम आतिशी, मनीष सिसोदिया समेत आप के नेताओं ने डाले वोट









**नई दिल्ली।** आप नेताओं ने भी पोलिंग बूथ पर जाकर वोट डाला। आप जहां अपने काम को लेकर वोट मांग रही है, वहीं बीजेपी और कांग्रेस भी अपनी रणनीति के साथ मैदान में हैं। आज दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, पत्नी सुनीता केजरीवाल, पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया, सीएम आतिशी, संजय सिंह, सत्येंद्र जैन, सौरभ भारद्वाज, राघव चड्ढा और अन्य नेताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने माता-पिता और पत्नी के साथ वोट डालने पहुंचे। उनके माता-पिता की तबीयत ठीक नहीं थी, लेकिन फिर भी वे मतदान केंद्र पहुंचे। केजरीवाल ने कहा, हर दिल्लीवासी की तरक्की और हर गरीब परिवार के सम्मानजनक जीवन के लिए हमने वोट दिया। दिल्ली की तरक्की रुकनी नहीं चाहिए। गुंडागर्दी हारेगी, दिल्ली जीतेगी। उन्होंने दिल्ली के लोगों से अपील की कि सभी अपने परिवार के साथ वोट डालने जाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें।

पूर्व सीएम केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के लोग बहुत समझदार हैं और सही चुनाव करेंगे। उन्होंने कहा, लोग गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं करते। हमें भरोसा है कि जनता अच्छे स्कूल, अस्पताल, बिजली-पानी और विकास पर वोट देगी।

सीएम आतिशी ने कहा, यह सिर्फ चुनाव नहीं, बल्कि धर्मयुद्ध है। यह अच्छाई और बुराई की लड़ाई है। दिल्ली के लोग सत्य और काम को चुनेंगे और गुंडागर्दी को हराएंगे।

आप नेता मनीष सिसोदिया ने वोट डालने के बाद कहा, हमने शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी पर काम किया है।

## मिल्कीपुर उपचुनाव मतदान : तीन बजे तक 57 फीसदी वोटिंग

**लखनऊ।** मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव पर सभी की नजरें टिकी हैं। यह चुनाव न केवल प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि मतदाताओं की भागीदारी भी एक बड़ा मुद्दा बन गया है।

पिछले दो विधानसभा चुनावों में मिल्कीपुर में मतदान प्रतिशत में लगातार वृद्धि देखी गई है। 2017 में जहां 58.33% मतदान हुआ था, वहीं 2022 में यह बढ़कर 60.23% तक पहुंच गया। लोकसभा चुनाव में भी यहां मतदान का प्रतिशत 59% के आसपास रहा था।

इस बार की स्थिति विशेष है क्योंकि पूरे प्रदेश में केवल मिल्कीपुर में ही उपचुनाव हो रहा है। सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों का पूरा ध्यान इसी सीट पर केंद्रित है। पिछले लोकसभा चुनाव में यहां के 414 बूथों में से भाजपा ने 185 और सपा ने 229 बूथों पर जीत हासिल की थी, जिसमें मात्र 7,333 वोटों का अंतर रहा।

प्रदेश सरकार के मंत्रियों की मौजूदगी और विभिन्न दलों के दिग्गज



नेताओं के चुनाव प्रचार में सक्रिय भागीदारी ने इस उपचुनाव को और भी महत्वपूर्ण बना दिया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बार मतदान प्रतिशत न केवल मतदाताओं की भागीदारी को दर्शाएगा, बल्कि उनके उत्साह का भी प्रतीक होगा। यह चुनाव सरकार की प्रतिष्ठा का भी विषय बन गया है।

### सपा उम्मीदवार अजीत प्रसाद ने किया मतदान

समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अजीत प्रसाद के परिवार ने कहा , ‍यहां व्यवस्थाएं ठीक हैं क्योंकि यह मतदान केंद्र सांसद के घर के पास है. हालांकि हमें कल रात से ही शिकायतें मिल रही हैं. इसलिए हमने शाम को वोट डाला है. आज सुबह से ही हर बूथ पर लोगों को वोट डालने में दिक्कत आ रही है.

### विकास रूपी दुधारू गाय कहां चली गई- यादव

मिल्कीपुर उपचुनाव में वोटिंग के बीच यूपी विधान परिषद नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा अयोध्या की सीट पर लोकसभा चुनाव में क्या हुआ, उनकी विकास रूपी दुधारू गाय कहां चली गई. शासन का दुरुपयोग करके मिल्कीपुर में बीजेपी का सीट जीतने का प्रयास है.

### मिल्कीपुर में सपा के वोटर को डराया और धमकाया गया- श्याम लाल पाल

समाजवादी पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मिल्कीपुर उपचुनाव में हो रही वोटिंग के बीच चुनाव आयोग से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर में 100 से अधिक बूथ पर सपा के एजेंट हटा दिये गये थे और पीठासीन पदाधिकारी बीजेपी के लिये वोट करवा रहे थे. मिल्कीपुर में सपा के वोटर को डराया और घमकाया गया.

### सपा का फर्जी मतदान का आरोप

समाजवादी पार्टी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा कि मिल्कीपुर विधानसभा में बूथ संख्या 4, 5, 69, 93, 100, 139, एवं 176 पर प्रशासन और भाजपा नेताओं द्वारा फर्जी मतदान कराया जा रहा है।

## अखिलेश ने लगाया आरोप, मतदाताओं को डरा रहे अफसर

**लखनऊ।** मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान जारी है। इस बीच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक तस्वीर पोस्ट कर आरोप लगाया है कि मिल्कीपुर के उपचुनाव में पुलिस अधिकारी मतदाताओं का आईकार्ड चेक कर उन्हें डराने की कोशिश कर रहे हैं।

एक्स पर तस्वीर पोस्ट कर उन्होंने लिखा कि चुनाव आयोग तुरंत इस समाचार से जुड़ी तस्वीरों का संज्ञान ले कि अयोध्या की पुलिस मिल्कीपुर में मतदाताओं के आईडी कार्ड चेक कर रही है, जिसमें पुलिस के बड़े अधिकारी भी शामिल हैं। ये अप्रत्यक्ष रूप से मतदाताओं में भय उत्पन्न करके मतदान को प्रभावित करने का लोकतांत्रिक अपराध है। ऐसे लोगों को तुरंत हटाया जाए और दंडात्मक कार्रवाई की जाए।



इस पर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक दलों की ओर से आरोप लगाया जा रहा है कि अयोध्या की पुलिस मिल्कीपुर में मतदाताओं के आईडी कार्ड चेक कर रही है। यह पूरी तरह गलत है। अफसरों ने राजनीतिक दलों के एजेंटों से बात की और उनकी समस्याओं का समाधान दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीर भ्रामक है।

## अफसर हमारे कार्यकर्ताओं को धमका रहे : सपा सांसद

**लखनऊ।** मिल्कीपुर में उपचुनाव के लिए हो रहे मतदान के बीच सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा अपनी जमानत नहीं बचा पाएगी। ये चुनाव मिल्कीपुर की जनता और योगी सरकार के बीच का है। सीएम योगी को जनता पर भरोसा नहीं है। ये अधिकारियों के सहारे दबाव डालकर चुनाव जीतना चाहते हैं लेकिन ये सब हथकंडे काम नहीं आने वाले हैं।

सांसद ने कहा कि मिल्कीपुर में कई जगह पर ईवीएम खराब हुई। सपा के बूथ एजेंटों को भगा दिया गया और कई जगहों पर फर्जी मतदान हुआ है।

उन्होंने बूथ नंबर 412 पर मिल्कीपुर के एसडीएम पर सपा कार्यकताओं को धमकाने का आरोप लगाया है। कहा कि एसडीएम ने धमकी देते हुए कहा कि यहां से भाग जाओ नहीं तो जिस तरह तुम्हारा सांसद रो रहा था, चुनाव बाद तुम्हें भी रोना पड़ेगा।



संबंध विच्छेद
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र मनोज व पुत्रवधू प्रियंका को उनके गलत व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक अनैतिक कार्यों के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
प्रार्थीगण
अशोक पुत्र छोटेलाल व रामेशरी पत्नी श्री अशोक निवासीगण, मकान नंबर- 878, पसोंडा, साहिबाबाद, थाना-टीलामोड़, जिला-गाजियाबाद उत्तर प्रदेश

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। गुरुवार 6 फरवरी -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# चेहरे पर लेकर स्माइल अमरपाल मौर्या ले गये 40 नामों वाली फाइल

## नामित पार्षदों के नामों को लेकर कोर कमेटी में हुआ घंटों तक मंथन और चिंतन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नामित पार्षदों के लिए कोर कमेटी की बैठक बुधवार को गाजियाबाद भाजपा महानगर कार्यालय पर हुई। करंट क्राइम ने पहले ही बता दिया था कि कोर की बैठक होगी, इस दिन होगी और यहां होगी। कोर कमेटी का फार्मेट पहले ही आ गया था। कोर कमेटी की बैठक में नामों को लेकर जनप्रतिनिधियों ने अपना अपना पक्ष रखा। प्रत्येक नाम को लेकर पूरा मंथन हुआ। नामों के प्रोफाईल पर चिंतन हुआ और फिर नामित पार्षदों के लिए पर्यवेक्षक बनाये गये। पूर्व राज्यसभा सांसद तथा प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्या अपने साथ 40 नामों की फाईल लेकर लखनऊ रवाना हो गये। कोर कमेटी की बैठक 3 बजे शुरू होनी थी और यह बैठक दोपहर 3 बजे भाजपा महानगर कार्यालय पर शुरू होती। उससे पहले ठीक 3 बजे प्रदेश महामंत्री, राज्यसभा सांसद और पर्यवेक्षक अमरपाल मौर्या महानगर कार्यालय पहुंचे। कोर का फार्मेट सबको पता था और फिर अन्य सदस्य पहुंचे और इसके बाद कोर कमेटी की बैठक शुरू हुई।



करंट क्राइम। कोर कमेटी की बैठक होने से पहले पर्यवेक्षक (राज्य सभा सदस्य) अमरपाल मौर्या का स्वागत करते भाजपा के प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी, जिलाध्यक्ष सत्यपाल प्रधान एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी।

## गुप्त रूप से चली बैठक में इस तरह हो गई नामों की छंटनी



करंट क्राइम। भाजपा महानगर कार्यालय पर कोर की यह बैठक गुप्त रखी गई थी। गुप्त रूप से चली हुई इस बैठक में नामों की चर्चा करने के बाद पर्यवेक्षक अमरपाल मौर्या ने कक्ष में बैठ कर सभी के साथ रायशुमारी की। देखने में ये आया कि सभी जनप्रतिनिधियों के हाथ में फाईल थी। इस फाईल में उनके नामों वाले चेहरों की सियासी प्रोफाईल थी। कोर कमेटी शुरू हुई तो सबसे पहले कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने नाम रखे। सूत्र बताते हैं कि सभी के पास काफी नाम थे और फिर जब इन नामों पर मंथन चिंतन होता रहा तो 10 नामित पार्षदों के लिए ये संख्या घटकर 40 रह गई। यहां पर पहले अपने अपने नामों को लेकर ओपन चर्चा हुई और फिर पर्यवेक्षक अमरपाल शर्मा ने कक्ष में बैठकर चर्चा की। जिला और महानगर से चर्चा और वार्ता करने के बाद नामों के पैनल के साथ नामों को सूचीबद्ध कर पर्यवेक्षक लखनऊ रवाना हो गये।

## कोर में सहमति पर था जोर, नहीं सुनाई दिया विरोध वाला शोर



करंट क्राइम। नामित पार्षदों को लेकर कोर कमेटी की बैठक थी। ये माना जा रहा था कि जिस तरह महानगर अध्यक्ष के लिए विधायकों और जनप्रतिनिधियों में आम सहमति नहीं बन पाई थी। इसी तरह नामित पार्षद वाला सीन भी रहेगा। लेकिन कोर कमेटी की बैठक में सहमति पर जोर दिखा और विरोध वाला कोई शोर नहीं दिखाई दिया। खास बात ये भी रही कि किसी भी जनप्रतिनिधि ने दूसरे जनप्रतिनिधि के नामों को नहीं काटा।

## जाते-जाते संजीव शर्मा ने दे दी आते-आते नामों वाली फाइल



करंट क्राइम। दैनिक करंट क्राइम ने पहले ही प्रकाशित किया था कि इस बात की प्रबल संभावना है कि संजीव शर्मा ऐसे महानगर अध्यक्ष हो सकते हैं जो जाते-जाते उन नामों की सूची देंगे जो आते-आते नामित पार्षद हैं। बुधवार को ठीक ऐसा ही हुआ। जब नामित पार्षदों के लिए कोर कमेटी की बैठक हुई तो यहां संजीव शर्मा शहर विधायक वाले रोल में भी थे और महानगर अध्यक्ष वाले रोल में भी थे। चूंकि अभी तक महानगर अध्यक्ष घोषित नहीं हुए हैं लिहाजा महानगर अध्यक्ष की कमान भी संजीव शर्मा ही संभाल रहे हैं। कोर कमेटी की बैठक में संजीव शर्मा आये और उन्हीं की अध्यक्षता में नामित वाली फाईल दी गई। संजीव शर्मा ने जाते-जाते उन नामों को सौंपा जो आने वाले नामित पार्षद हैं।

## कोर की बैठक में इस तरह हुई प्रभारी से लेकर सांसद की एंट्री



करंट क्राइम। बुधवार को दोपहर 3 बजे कोर बैठक शुरू होनी थी। भाजपा के महानगर कार्यालय पर आयोजित होने वाली इस बैठक में ठीक 3 बजे पर्यवेक्षक अमरपाल मौर्या आ गये। उनके बाद राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप आये। इसके बाद क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मयंक गोयल आये। फिर प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी पहुंचे। इसके बाद अन्य सदस्य आते रहे और फिर भाजपा महानगर अध्यक्ष तथा शहर विधायक संजीव शर्मा पहुंचे। उनके बाद मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी आये फिर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष तथा पूर्व महानगर अध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी आये और फिर इस बैठक में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की एन्ट्री हुई। 4 बजे के लगभग कोर की बैठक में मेयर सुनीता दयाल पहुंची और फिर एमएलसी दिनेश गोयल पहुंचे।

## फिर ये रहा सीन कि सबने दे दिये पसंद के नाम तीन-तीन



करंट क्राइम। कोर कमेटी की बैठक में सब अपने अपने नाम देते रहे। नामों पर चर्चा होती रही। लेकिन जब नाम ज्यादा हो गये तो पर्यवेक्षक ने सभी से अपनी अपनी पसंद के तीन-तीन नाम देने को कहा। कक्ष में बैठे सूत्र बताते हैं कि इसके बाद कक्ष में सन्नाटा छा गया और फिर 5 मिनट बाद सभी ने अपनी अपनी लिस्ट में तीन-तीन नामों को छांटा और उसके बाद पसंद के तीन तीन नाम पर्यवेक्षक को लिस्ट के रूप में दिये गये। अब ये नाम हाईकमान पहुंचेंगे और वहां से लिस्ट में पहले ये नाम 27 रहेंगें और फिर 10 नाम रह जायेंगे।

## 20 साल पुराने कार्यकर्ता के नाम पर दिखा ज्यादा जोर



करंट क्राइम। 40 नाम से पहले ज्यादा नाम थे फिर इन नामों की छंटनी हुई। इसके बाद ये तय हुआ कि जनप्रतिनिधि अपनी पसंद के तीन-तीन नाम दें दें। बताते हैं कि 40 में से भी ये नाम 27 रहेंगे और 27 में से भी 17 नामों को बाहर होना होगा। फिर इसके बाद 10 वाली सूची फाईनल होगी। इन नामों की छंटनी में भी जनप्रतिनिधियों से राय ली जायेगी। उनसे पूछा जायेगा कि वो किस नाम को प्राथमिकता देंगे। सूत्र बताते हैं कि यहां भाजपाईयों के लिए राहत की बात ये है कि दावेदारी में बीस साल पुराना शिजरा बाहर आ गया है। नामित पार्षद के लिए बीस साल पुराने कार्यकर्ता के आवेदन पर पहले विचार होगा। सूत्र बताते हैं कि किसी भी प्रकार के आरोप से बचने के लिए ये डिफेंसिव गेम रखा गया है। इसीलिए बीस साल वाले भाजपाई शिजरे का फ्रे म रखा गया है। इसका उद्देश्य यह है कि लिस्ट में पुराने कार्यकर्ता का नाम आये। ये वरिष्ठता को भी सम्मान है और पद को भी सम्मान है।

## कौन थे वो दो नाम जिन पर सहमति बन गई आम

करंट क्राइम। सूत्र बताते हैं कि कोर वाली बैठक में दो नाम ऐसे भी आये हैं जिन्हें चारो तरफ से सपोर्ट मिली है। ये कौन से ऐसे दो देवतुल्य हैं जिन पर समर्थन की पुष्प वर्षा हुई है। इनके नामों पर सहमति वाला सीन बहुत आसान रहा। ये दो नाम ऐसे थे जिन पर सभी की सहमति बनी। सूत्र बताते हैं कि इनमें से एक नाम ओबीसी है और एक नाम ब्राह्मण चेहरे का बताया जाता है।

## ना नामित होंगे रिपीट और ना ही बागी रिटर्न को मिलेगा चांस




करंट क्राइम। कोर कमेटी की बैठक हो गई। नामित पार्षदों के लिए जनप्रतिनिधियों के बीच चर्चा हुई। पसंद के तीन नाम वाला पैनल भी बना और 40 नामों वाली फाईल भी गई। बीस साल पुराने शिजरे को वरीयता दी गई। सूत्र बताते हैं कि भाजपा महानगर कार्यालय पर गुप्त रूप से चली कोर कमेटी की बैठक में ये भी स्पष्ट हो गया कि ऐसे किसी भी चेहरे को इस लिस्ट में स्थान नहीं मिलेगा जो पहली पारी में नामित पार्षद रह चुके हैं। इसके अलावा उनके नामों पर भी चर्चा नहीं हुई जो निगम चुनावों में बगावत कर चले गये थे और बाद में उनकी वापसी हो गई। बागी रिटर्न को नामित वाले सीन में नहीं रखा गया है। इसके अलावा पूर्व पार्षदों को भी मौका नहीं मिलेगा। खास बात ये भी है कि यहां उन चेहरों के नाम पर भी चर्चा नहीं की गई जिन्होंने निगम चुनाव, विधानसभा चुनाव या लोकसभा चुनाव में पार्टी के खिलाफ काम किया। विपक्ष के साथ काम किया। ऐसे किसी भी चेहरे को मौका नहीं मिलेगा।

## जब बैठक में एक विधायक ने कर दी मिजोरम फ्लाईट की बात

करंट क्राइम। बैठक हल्के फुल्के माहौल में हुई। सब एक दूसरे के नामों को काट नहीं रहे थे। बैठक में एक समय ऐसा भी आया जिसे बैठक का शून्य काल कहा जा सकता है। इसमें हल्के फुल्के माहौल में बात हो रही थी। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग भी थे। सांसद अतुल गर्ग ने ही उड्डयन मंत्री को पत्र लिख कर गाजियाबाद डोमेस्टिक एयरपोर्ट से गोवा की फ्लाईट शुरू करने की मांग की है और एक समय ऐसा आया जब बैठक में मजाक-मजाक में एक विधायक जी ने गाजियाबाद से मिजोरम की फ्लाईट शुरू करने की बात कह दी। बताते हैं कि जब ये बैठक हो रही थी तो पर्यवेक्षक ने भी यहां से फ्लाईट की कुछ लोकेशन बताई। इसी बीच एक विधायक ने कहा कि जैसे लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने यहां से गोवा की फ्लाईट शुरू करायी है। वैसे ही मिजोरम की फ्लाईट भी शुरू करा दें। इस पर यहां के सियासी हलचल से बेखबर पर्यवेक्षक तथा प्रदेश महामंत्री ने कहा कि मिजोरम अच्छी जगह है, लेकिन उन्हें नहीं पता था कि मिजोरम की बात जनरली हो रही है।




## महानगर के बाद जिले की बैठक में नामित सभासद के नामों पर भी हुई चर्चा



करंट क्राइम। महानगर वाली कोर बैठक के बाद खोड़ा नगर पालिका परिषद, मुरादनगर नगर पालिका परिषद, पतला निवाड़ी नगर पंचायत पर भी चर्चा हुई। यहां भी तीन-तीन नामों का पैनल गया है। जिले वाली कोर बैठक में प्रदेश महामंत्री तथा पर्यवेक्षक अमरपाल मौर्या ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी, लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर, धौलाना विधायक धर्मेश तोमर, मोदीनगर विधायक मंजू शिवाच, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंगल, जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान के साथ नामित सभासदों के नामों पर चर्चा हुई। यहां भी पसंद के तीन-तीन नाम का पैनल तैयार हुआ है।

## पूर्व मंडल अध्यक्षों से लेकर मोर्चे से जुड़े नामों पर भी हुई है चर्चा




करंट क्राइम। कोर की बैठक में इतना तो बाहर आ गया कि वरिष्ठता का ध्यान रखा गया है। जो चेहरे बागी होकर चुनाव लड़े थे उनके नामों पर चर्चा नही हुई है। जिन्होंने चुनाव में भीतरघात किया था उनको लेकर भी कोई बात नहीं हुई है। जो चेहरे पार्षद रह चुके हैं उन्हें नामित वाले फ्रेम से बाहर किया गया है। अब चर्चा ये थी कि आखिर लिया किसे गये है। सूत्र बताते हैं कि नामित वाली टीम में पूर्व मंडल अध्यक्ष, पूर्व मंडल प्रभारी और भाजपा के अलग-अलग मोर्चों से जुड़े कई नामों पर चर्चा हुई है। जो निष्ठावान कार्यकर्ता हैं और लंबे समय से बूथ बस्ते संभाल रहे हैं उनके नामों पर भी चर्चा हुई है।

## अंदर चल रही थी कोर, बाहर था इग्नोर मत करना का शोर



करंट क्राइम। कोर की बैठक हुई तो कोर कमेटी के सदस्य पहुंचे। कोर कमेटी के सदस्य कमरे में थे लेकिन यहां वो चेहरे भी अपना चेहरा दिखाने पहुंचे जो नामित वाली दौड में है। ये उनका मनोविज्ञान था कि कोर की बैठक में जाने से पहले जब हमारे जनप्रतिनिधि हमारे चेहरे की ओर देख लेंगे तो हम उन्हें कोर की बैठक में याद रहेंगे। लिहाजा अंदर कोर की बैठक चल रही थी और बाहर ये शोर था कि हमने आपके चुनाव में पूरे जोर लगाये हैं। अब आप इस बैठक में हमें इग्नोर मत करना।

## रख दिया है सभी ने नाम, 15 दिन बाद होगा ऐलान



करंट क्राइम। दस नामित पार्षद नियुक्त होने हैं और 100 वाला सीन हो चुका। कोर कमेटी की बैठक में 60 नाम बाहर हो गये और 40 वाली फाईल तैयार हो गई। सभी ने अपनी पसंद के नाम रखे। सूत्र बताते हैं कि हर विधायक ने युवा चेहरों को तर्जी दी है। वरिष्ठता को सम्मान दिया है और अपने करीबी चेहरों का नाम रखा है। लिस्ट हाई कमान के पास पहुंच गई है और अभी प्रदेश और क्षेत्रीय स्तर पर इन नामों को लेकर मंथन होगा। सूत्र बताते है कि इस पूरी प्रकिया में दो हफ्ते का समय लगेगा और फिर 15 दिन के बाद ऐलान होगा।

## संजीव शर्मा ने किया पर्यवेक्षक अमरपाल मौया का शॉल ओढ़ाकर सम्मान



करंट क्राइम। भाजपा महानगर कार्यालय पर कोर कमेटी की बैठक में प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्या जिला तथा महानगर के पर्यवेक्षक के रूप में पहुंचे। भाजपा महानगर अध्यक्ष तथा शहर विधायक संजीव शर्मा ने महानगर तथा सभी कोर कमेटी के आमंत्रित साथियों सहित प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्या का शॉल ओढ़ाकर पतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। स्वागत के दौरान महामंत्री पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल मौजूद थे। महानगर कार्यालय पर चली कोर कमेटी की बैठक में पर्यवेक्षक अमरपाल मौर्या ने कोर कमेटी के सदस्यों, सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप, मेयर सुनीता दयाल, महानगर अध्यक्ष तथा शहर विधायक संजीव शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी, एमएलसी दिनेश गोयल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मयंक गोयल के साथ बैठकर नामित पार्षदों पर चर्चा की।

## दीवार से निकलकर बाहर आई बात, क्या इन नामों पर बनी है बात



गाजियाबाद, करंट क्राइम। नामित पार्षद शॉर्ट लिस्ट करने को लेकर आयोजित हुई भाजपा की नौ सदस्यीय कोर कमेटी की बैठक में वैसे तो कोई खास शोर नहीं सुनाई दिया। म्युचल अंडरस्टैंडिंग से नामों को तय करने का सिलसिला चला। मगर जिज्ञासा यही थी कि यहां पर किस जनप्रतिनिधि ने किस नाम की पैरवी की है। हालांकि यहां पर सभी जनप्रतिनिधि किसी भी पूर्व पार्षद और बागी चेहरों का नाम रखने से दूरी बनाते दिखाई दिए। बावजूद इसके सभी ने अपने हाल-ए-दिल को बाद में बंद लिफाफे में बंद करके दे दिया। बताया जा रहा है कि हर जनप्रतिनिधि ने तीन से चार नाम अपने पैनल में दिए हैं। सूत्र बताते हैं कि एक बड़े जनप्रतिनिधि ने मित्तल फैक्टर पर फोकस किया है। सूत्र बताते हैं एक विधायक ने अपने दो प्रमुख प्रिय चेहरों का नाम कोर में आगे किया है। ये चेहरे ओबीसी और ब्राह्मण बताए जा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि एक विधायक ने अपनी सिफारिश में त्यागी और पंजाबी फैक्टर पर बल दिया। सूत्रों का कहना है कि यहां पर एक जनप्रतिनिधि ने किसी चौहान के नाम को मजबूती से रखा। तो वहीं एक जनप्रतिनिधि ने अपने प्रिय मीडिया वाले पर भी पूरी कृपा दिखाई। एक जनप्रतिनिधि ने अपने एक प्रिय त्यागी चेहरे के नाम को पूरे फोकस में लिया। सूत्र बताते हैं कि वर्मा जी के प्रिय चौधरी पर भी इस बार कृपा बरसती दिखाई दे रही है। मैडम ने भी दो-तीन नाम रखे हैं जिसमें एक बहुत ही वरिष्ठ वैश्य समाज के चेहरे का जिक्र भी हुआ है। पता चला है कि जनरली भी एक नाम की एंट्री बहुत ही खूबसूरत ढंग से की गई है। अध्यक्ष पद की दावेदारी करने वाले चेहरों ने कोर में न काहू से दोस्ती, न काहू से बैर वाली भूमिका निभाते हुए खुद को तटस्थ मोड में रखा। नाम लिफाफे में बंद हो चुके हैं। 40 में से 30 नाम आने वाले समय में उड़ जाएंगे। दलित चेहरों का नाम किस दिशा से आया है इस पर फिलहाल सस्पेंस बना हुआ है।

## क्यों हो गये सांसद अतुल गर्ग नाराज जाते हुए कोर वाली बैठक से बाहर

### आधा घंटे बाद जब लौटे तो झोले में थे समोसे और कचौड़ी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कोर कमेटी की बैठक चल रही थी और अचानक लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने नाराजगी वाला किरदार निभाया। वो उठे और मीटिंग से बाहर आ गये। अतुल गर्ग दिल्ली चुनाव के सहप्रभारी हैं और राष्ट्रीय राजनीति का बड़ा चेहरा हैं। वो डाउन टू अर्थ रहते हैं और माहौल को अपने अंदाज से खुशनुमा कर देते है। मामला कोर कमेटी की बैठक के दौरान का है कि अचानक लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के मोबाईल फोन की घंटी बजी और वो फोन कॉल को सुनते हुए बाहर आ गये। अतुल गर्ग बाहर ऐसे ही नहीं आये और उन्होंने यह कहना शुरू किया कि मैं इस मीटिंग में शामिल नहीं हो रहा हूं। मैं मीटिंग छोड़कर जा रहा हूं। अब सांसद अतुल गर्ग की नाराजगी किसी को समझ नहीं आ रही थी और सब हैरान थे कि वो अचानक कोर की बैठक इस तरह छोड़ कर कैसे जा रहे हैं। अतुल गर्ग ने कहा कि सब अपनी मन मर्जी कर रहे हैं तो सब हैरान रह गये। फिर उन्हें मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी लेने के लिए आये। अजीत पाल त्यागी ने उनसे मुस्कुराते हुए अंदर चलने का अनुरोध किया। मगर अतुल गर्ग ने विरोध किया और कहा कि भला ऐसे भी कोई बैठक होती है। ना चाय है ना समोसे हैं ना कचौड़ी है। इसके बाद अतुल गर्ग यह कह कर चले गये कि वो आधा घंटे बाद लौटेंगे। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग जब आधा घंटे बाद लौटे तो सब हैरान रह गये क्योंकि वो अपने साथ कचौड़ी और समोसे लेकर लौटे थे और सबको उनकी नाराजगी का कारण समझ में आ गया और फिर सदन में एक बार अतुल गर्ग के इस अंदाज से सबके चेहरों पर मुस्कान आ गई। अतुल गर्ग का मीटिंग से बाहर आना भी उनके हास्य परिहास का ही हिस्सा था।

## संपादकीय

# खपत बढ़ेगी या नहीं

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के कर छूट के फैसले से मध्य वर्ग में खुशी के साथ-साथ इकॉनमी में भी उम्मीद बंधी है। यह निर्णय महामारी के बाद खपत को बढ़ाने में सहायक हो सकता है, लेकिन वास्तविक आय और टैक्स पेयर के लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए अतिरिक्त प्रयासों की आवश्यकता है।
वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बार बजट घोषणाओं से न केवल मध्य वर्ग के एक बड़े हिस्से की बांछें खिला दी हैं बल्कि इकॉनमी के मोर्चे पर भी उम्मीद पैदा की है। लेकिन सवाल है कि क्या सचमुच इस कदम से खपत में अपेक्षा के अनुरूप इजाफा होगा। कई ऐसे फैक्टर हैं, जो इस सवाल का स्पष्ट हां या ना में जवाब देना मुश्किल बना रहे हैं।
परफेक्ट टाइमिंग करों में छूट के इस फैसले को ज्यादा अहमियत इसलिए भी मिल रही है कि इसकी टाइमिंग बहुत सटीक है। इसकी घोषणा ऐसे समय की गई है, जब कोविड-19 महामारी से जुड़े प्रतिबंधों के हटाए जाने के बाद कर्ज आधारित खपत बढ़ोतरी का चक्र पूरा होने को है। ऐसे में खपत बढ़ोतरी के लिए जिस दूसरे धक्के की जरूरत थी, वह इस कदम से पूरी हो सकती है।
वास्तविक आय का सवाल खपत बढ़ने की उम्मीदों की राह में एक बड़ा रोड़ा है वास्तविक आय का सवाल। हकीकत यह है कि तमाम प्रयासों के बावजूद वास्तविक आय अभी भी महामारी से पहले के स्तर तक नहीं पहुंच पाई है। इस बजट में भी कल्याणकारी और इन्फ्रास्ट्रक्चर मदों पर आवंटन पिछले साल जितना ही रखा गया है। जाहिर है, वास्तविक आय और दूसरे शब्दों में खपत में बढ़ोतरी की उम्मीदें भी ज्यादा नहीं रखी जा सकतीं। करदाताओं की छोटी जमात भारत में इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने वालों की संख्या वैसे भी करीब 8 करोड़ ही है, जिसमें मात्र 3 करोड़ लोग ही सचमुच टैक्स देते हैं। ताजा छूट के बाद यह संख्या और कम हो जाएगी। इनकम टैक्सपेयर्स कम होने का सीधा मतलब होता है यानी रेट में कटौती मुश्किल होगी और आबादी के अपेक्षाकृत गरीब हिस्से को राहत नहीं मिल पाएगी। ध्यान रहे, आबादी के इस हिस्से को मिली राहत का खपत बढ़ाने में ज्यादा योगदान होता है। सरकारी खर्च पर दबाव इस फैसले से टैक्सपेयर बेस सिकुड़ने का प्रभाव देर-सबेर सरकार की खर्च करने की क्षमता पर भी पड़ेगा। चूंकि हाल के वर्षों में आई वित्तीय मजबूती के पीछे सरकारी राजस्व में डायरेक्ट टैक्स की हिस्सेदारी बढ़ने का भी हाथ रहा है, इसलिए स्वाभाविक ही इस पहलू को ध्यान में रखने की जरूरत होगी। कुल मिलाकर देखा जाए तो टैक्स छूट एक अच्छा कदम जरूर है, लेकिन इसके अधिकाधिक फायदे सुनिश्चित करने के प्रयास जारी रखने होंगे।

# शेयर बाजार फिर फिसला, सेंसेक्स 312 अंक गिरा, निफ्टी 23700 से नीचे आया

**नई दिल्ली।** बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद गिरावट दर्ज की गई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 312.53 अंक या 0.40 प्रतिशत गिरकर 78,271.28 अंक पर बंद हुआ।एनएसई निफ्टी 42.95 अंक या 0.18 प्रतिशत गिरकर 23,696.30 पर आ गया।

आरबीआई की मौद्रिक नीति के फैसले और अमेरिका से टैरिफ वार की चिंताओं के बीच निवेशकों के सतर्क रुख के कारण बुधवार को बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में गिरावट दर्ज की गई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 312.53 अंक या 0.40 प्रतिशत गिरकर 78,271.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 367.56 अंक या 0.46 प्रतिशत गिरकर 78,216.25 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी 42.95 अंक या 0.18 प्रतिशत गिरकर 23,696.30 पर आ गया।



### मंगलवार की तेजी के बाद बाजार में दिखी मुनाफावसूली

मंगलवार की तेजी के बाद मुनाफावसूली और रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर गिरने से भी बाजार की धारणा प्रभावित हुई। वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बाद मंगलवार को सेंसेक्स 1,397.07 अंक और निफ्टी 378.20 अंक चढ़कर एक महीने के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों वाले शेयरों में एशियन पेंट्स में 3 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। कंपनी ने कमजोर मांग और कमजोर त्योहारी सीजन के कारण दिसंबर 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही के लिए समेकित शुद्ध लाभ में 23.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,128.43 करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की।
टाइटन, नेस्ले, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारतीय स्टेट बैंक, लार्सन एंड टूब्रो, आईटीसी, जोमैटो और बजाज फिनसर्व भी पिछड़ने वालों में शामिल थे। अदाणी पोर्ट्स, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स और एचडीएफसी बैंक प्रमुख लाभ में रहे।

### भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को मौद्रिक नीति पर विचार-विमर्श शुरू कर दिया और निर्णय की घोषणा शुक्रवार (7 फरवरी) को की जाएगी। बुधवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि बिक्री और उत्पादन में धीमी वृद्धि के बीच भारत के सेवा क्षेत्र की गतिविधि जनवरी में दो वर्षों में सबसे धीमी गति से बढ़ी। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स दिसंबर में 59.3 से गिरकर जनवरी में 56.5 पर आ गया - जो नवंबर के बाद से इसका निम्नतम स्तर है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है।

### रुपये में गिरावट बन रहा बाजार की राह का रोड़ा

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ‘घरेलू बाजार में नकारात्मक रुख के बीच सीमित दायरे में कारोबार हुआ। निवेशक अनुकूल बजट से उत्साहित बेहतर घरेलू परिदृश्य और टैरिफ युद्ध से उपजी वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच संतुलन बना रहे हैं। हालांकि अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने बाजार की धारणा को मजबूत किया है, लेकिन रुपये में गिरावट इन बढ़त को कम कर सकती है। एशियाई बाजारों में सियोल और टोक्यो सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि हांगकांग में गिरावट रही। यूरोपीय बाजार नकारात्मक दायरे में बंद हुए। मंगलवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

## भारत में सोने की मांग 2024 में 5% बढ़कर 802.8 टन हुई, 2025 के लिए डब्ल्यूजीसी का यह अनुमान

**नई दिल्ली।** भारत में कुल सोने की मांग साल 2024 में 5 प्रतिशत से बढ़कर 802.8 टन हो गई है, जो कि साल 2023 में 761 टन थी। इसकी बड़ी वजह से आयात शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर 6 प्रतिशत किए जाने, रिकॉर्ड उच्च सोने की कीमतें की वजह से निवेश मांग बढ़ना और शादियों तथा त्योहारों की वजह से भी खरीदारी बढ़ी है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने अपनी रिपोर्ट पेश कर बताया है कि भारत में सोने की मांग 2024 में 5 प्रतिशत बढ़कर 802.8 टन रही है और 2025 में 700-800 टन रहने का अनुमान है।



विश्व स्वर्ण परिषद के भारत के क्षेत्रीय सीईओ सचिन जैन ने कहा है कि भारत में सोने की मांग लगातार बनी हुई है। घरेलू बाजार में कुल सोने की मांग साल 2024 में 5 प्रतिशत से बढ़कर 802.8 टन हो गई है, जो कि साल 2023 में 761 टन थी। इसकी बड़ी वजह से आयात शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर 6 प्रतिशत किए जाने, रिकॉर्ड उच्च सोने की कीमतें की वजह से निवेश मांग बढ़ना और शादियों तथा त्योहारों की वजह से भी खरीदारी बढ़ी है। उनका कहना है कि साल 2025 में सोने की मांग 700 से 800 टन के बीच रहने का हमारा अनुमान है। उम्मीद है कि शादी ब्याह से जुड़ी खरीदारी के कारण सोने के आभूषणों की मांग में सुधार देखने को मिलेगा, बशर्ते कीमतों में कुछ हद तक स्थिरता होनी आवश्यक है।

## मुकेश अंबानी बोले: बंगाल में दशक के अंत तक 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी रिलायंस

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने बुधवार को इस दशक के अंत तक पश्चिम बंगाल में 50,000 करोड़ रुपये के नए निवेश की प्रतिबद्धता की घोषणा की। बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट (बीजीबीएस) 2025 में बोलते हुए अंबानी ने कहा कि इस निवेश से राज्य में एक लाख नौकरियां पैदा होंगी। उन्होंने कहा, रिलायंस ने पिछले दशक में बंगाल में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस दशक के अंत तक 50,000 करोड़ रुपये का और निवेश किया जाएगा। हमारा निवेश डिजिटल सेवाओं, हरित ऊर्जा और खुदरा सहित कई क्षेत्रों में फैला होगा। अंबानी ने राज्य में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए रिलायंस की प्रतिबद्धता की पुष्टि की तथा बंगाल के कारोबारी परिदृश्य को बदलने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। दूसरी ओर, आरपी-संजीव गोयनका समूह के अध्यक्ष संजीव गोयनका ने बुधवार को अगले कुछ वर्षों में पश्चिम बंगाल में 10,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की। गोयनका ने बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट (बीजीबीएस) 2025 के उद्घाटन के अवसर पर यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि यह महत्वपूर्ण निवेश तीन प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित होगा: ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा। उन्होंने कहा, हम स्वास्थ्य सेवा, ऊर्जा और शिक्षा में 10,000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे।



## रोचक तथ्यों का करंट

- 259X39Xआपकी उम्र = तीन बार आपकी उम्र।
- 2520 ऐसा सबसे छोटा अंक है जो 1 से लेकर 10 तक के सभी अंको से पूरा डिवाइड हो सकता हैं।
- अगर एक जगह पर 23 आदमी खड़े है तो उनमें से 2 का जन्मदिन मिलने की संभावना 50% हैं।
- 21978 को 4 से गुणा करने पर उत्तर इस संख्या का उल्टा 87912 आयेगा।
- स्कूल के समय में 74% लड़कियाँ विज्ञान, तकनीकी इंजीनियर और गणित में अपनी रूचि दिखाती है लेकिन कॉलेज के टाइम पर सिर्फ 0.4% लड़कियाँ ही कंप्यूटर लेती हैं।
- जीरो (0) अकेला ऐसा अंक है जिसे हम रोमन में नहीं लिख सकते।
- 555 को थाईलैंड में ‘हाहाहा’ के तौर पर प्रयोग किया जाता है क्योंकि ‘फाइव’ का उच्चारण वहां ‘हा’ होता हैं।
- जीरो एक सम संख्या हैं।
- झींगे का खून किसी भी रंग का नहीं होता पर जब खून बाहर निकलता है तो ऑक्सीजन गैस के साथ मिलकर नीले रंग में परिवर्तित हो जाता हैं।

## राशिफल

**मेष:** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि मनोनुकूल लाभ देंगे।
**वृष:** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। शत्रुभय रहेगा।
**मिथुन:** बुद्धि का प्रयोग करें। चिंता रहेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट-कचहरी व सरकारी कार्यालयों में रुके कार्य मनोनुकूल रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।
**कर्क:** धनहानि हो सकती है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट हो सकता है। जल्दबाजी व लापरवाही न करें।
**सिंह:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। प्रेम-प्रसंग अनुकूल रहेंगे। कोर्ट-कचहरी व सरकारी कार्यालयों में अटके काम पूरे हो सकते हैं।
**कन्या:** शत्रु पस्त होंगे। प्रतिद्वंद्विता में कमी होगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभदायक रहेंगे।
**तुला:** परिवार के एकाधिक सदस्यों की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। चोट व रोग से कष्ट संभव है। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है।
**वृश्चिक:** पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं गुम हो सकती हैं, संभालकर रखें। दु:खद समाचार की प्राप्ति संभव है। भागदौड़ अधिक रहेगी।
**धनु:** किसी अनहोनी के होने की चिंता रहेगी। स्वास्?थ्य पर खर्च हो सकता है। पुराने किए गए प्रयासों का फल अब मिल सकता है।
**मकर:** घर में वृद्ध व्यक्तियों के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। ने?त्र पीड़ा हो सकती है। दूर से शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।
**कुंभ:** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।
**मीन:** राज्य की तरफ से दिक्कत हो सकती है। विवाद करने व जल्दबाजी से बचें। नेत्र पीड़ा हो सकती है। स्वास्थ्य पर व्यय होगा। कर्ज लेना पड़ सकता है।

## चुटकुले

सोनू - अगर तुम्हें ठंड लगती है तो क्या करते हो?
मोनू - मैं रजाई के पास जाकर बैठ जाता हूं।
सोनू - अगर फिर भी ठंड लगती है तो क्या करते हो?
मोनू - तो फिर मैं रजाई के अंदर बैठ जाता हूं

चिंटू- दुनिया का सबसे बड़ा त्योहार कौन सा है?
पिंटू- घरवाली
चिंटू- मतलब?
पिंटू- और क्या, हफ्ते में 3-4 बार तो मनाना ही पड़ता है।

गोलू- सबसे शुद्ध माल अपने कस्टमर को कौन बेचता है?
मोलू- बिजली विभाग.
गोलू- वो कैसे?
मोलू- हाथ लगाकर देख ,पता चल जाएगा।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय ‘करंट क्राइम’ बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी


दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# केएल राहुल या पंत, एक को मिलेगा मौका, टीम प्रबंधन के सामने संतुलित प्लेइंग-11 की चुनौती

**नागपुर ।** दोनों टीमों के बीच यह सीरीज 19 फरवरी से होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों को देखते हुए काफी अहम मानी जा रही है। इसमें रोहित और विराट कोहली जैसे स्टार बल्लेबाजों की फॉर्म की भी परीक्षा होगी जो पिछले कुछ समय से फ्लॉप चल रहे हैं।

### रोहित-कोहली पर होंगी नजरें

इस सीरीज से भारतीय टीम प्रबंधन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सही संयोजन तलाशने की भी कोशिश करेगा। कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे खिलाड़ी पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं और उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाह रहेगी। यह दोनों स्टार खिलाड़ी पिछले महीने रणजी ट्रॉफी में भी खेले थे, लेकिन उसमें भी असफलता ही उनके हाथ लगी थी। अब वह उस प्रारूप में वापसी करेंगे जिसमें उन्होंने वर्षों तक अपना दबदबा बनाए रखा था।




**टी20 सीरीज में शानदार जीत के बाद भारतीय टीम अब रोहित शर्मा के नेतृत्व में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए उतरेगी**

इन दोनों खिलाड़ियों ने वनडे विश्व कप 2023 में अच्छा प्रदर्शन किया था। कोहली ने जहां इस टूनार्मेंट में 765 रन बनाए थे वहीं रोहित ने 597 रन का योगदान दिया था। विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद यह दोनों खिलाड़ी श्रीलंका के खिलाफ तीन मैच की वनडे सीरीज में खेले थे। रोहित ने इस सीरीज में दो अर्धशतक लगाए थे, जबकि कोहली कोई खास प्रदर्शन नहीं कर पाए थे।

**कौन संभालेगा विकेटकीपिंग का जिम्मा?** भारतीय टीम को इस पर काफी माथापच्ची करनी होगी कि ऋषभ पंत और केएल राहुल में से विकेटकीपर की भूमिका कौन निभाएगा। रोहित और उपकप्तान शुभमन गिल पारी की शुरूआत करेंगे। उनके बाद कोहली और श्रेयस अय्यर उतरेंगे, जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज को पांचवें नंबर पर उतारा जा सकता है।

# कमिंस के खेलने की संभावना कम, मार्श के बाद ऑस्ट्रेलिया को लग सकता है दूसरा बड़ा झटका

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने खुलासा किया है कि टीम के कप्तान और तेज गेंदबाज पैट कमिंस की 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पूरी तरह फिट होने की बहुत कम संभावना है। अगर ऐसा होता है तो ऑस्ट्रेलियाई टीम को दूसरा बड़ा झटका लगेगा। टीम के उपकप्तान मिचेल मार्श पहले ही चोट की वजह से बाहर हो चुके हैं। अगर कमिंस समय पर फिट नहीं होते तो फिर स्टीव स्मिथ या ट्रेविस हेड में से किसी को ऑस्ट्रेलिया की कमान सौंपी जा सकती है।

### कमिंस टखने में चोट की समस्या से जूझ रहे

अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण श्रीलंका में टेस्ट सीरीज में नहीं खेलने वाले कमिंस टखने की चोट से भी जूझ रहे हैं और उन्होंने अभी तक अभ्यास शुरू नहीं किया है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान




उनके टखने की समस्या बढ़ गई थी। आईसीसी ने एसईएन रेडियो पर मैकडोनाल्ड के हवाले से कहा, 'पैट कमिंस किसी भी तरह से गेंदबाजी फिर से शुरू करने में सक्षम नहीं हैं। इसलिए उनकी चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने की संभावना बहुत कम है। इसका मतलब है कि हमें एक कप्तान की जरूरत है।

उन्होंने कहा, 'जब हम पैट (कमिंस) के साथ स्वदेश में चैंपियंस ट्रॉफी की टीम को लेकर चर्चा कर रहे थे तब स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड दो ऐसे खिलाड़ी थे जिनसे हम बातचीत कर रहे थे। कप्तानी के लिए हमारी इन दोनों पर नजर है।' श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में कमिंस की अनुपस्थिति में स्मिथ ने टीम की कमान संभाली थी। कमिंस की गैरमौजूदगी में मार्श को कमान सौंपी जा सकती थी, लेकिन वह खुद ही बाहर हो चुके हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अब तक मार्श के रिप्लेसमेंट का एलान नहीं किया है।

# अब लाहली नहीं, बल्कि ये मैदान करेगा मुंबई और हरियाणा के बीच क्वार्टर फाइनल मैच की मेजबानी

**मंबई ।** गत चैंपियन मुंबई और हरियाणा के बीच रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच रोहतक के लाहली के बजाय कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। सभी क्वार्टर फाइनल मैच आठ से 12 फरवरी के बीच पांच दिन तक खेले जाएंगे। मुंबई और हरियाणा के बीच मैच के स्थल में बदलाव का कोई कारण नहीं बताया गया है लेकिन पता चला है कि उत्तर भारत में सुबह के समय धुंध के कारण खेल प्रभावित हो सकता है और इसलिए यह फैसला किया गया।

मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने बुधवार को बताया, 'हमें




बीसीसीआई से सूचना मिली है कि हरियाणा के खिलाफ हमारा क्वार्टर फाइनल ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा।' अन्य तीन क्वार्टर फाइनल राजकोट (सौराष्ट्र बनाम गुजरात), नागपुर (विदर्भ बनाम तमिलनाडु) और पुणे (जम्मू कश्मीर बनाम केरल) में खेले जाएंगे।



भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे को हरियाणा के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले के लिए मुंबई की 18 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। मुंबई और हरियाणा के बीच आठ फरवरी से मुकाबला होना है। सूर्यकुमार और दुबे हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टी20 सीरीज का हिस्सा थे जिसे भारत ने 4-1 से अपने नाम किया।

मुंबई ने मेघालय को पारी और 456 रनों से हराकर रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। एलीट ग्रुप-ए से नॉकआउट में जगह बनाने वाली जम्मू-कश्मीर दूसरी टीम है। पिछले साल अक्तूबर में महाराष्ट्र के खिलाफ मुकाबले के लिए सूर्यकुमार मुंबई टीम का हिस्सा थे। वहीं, दुबे जम्मू कश्मीर के खिलाफ खेले गए उस मैच का हिस्सा थे जिसमें भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा तथा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी शामिल थे। मुंबई की टीम यह मैच हार गई थी।

अजिंक्य रहाणे (कप्तान), आयुष म्हात्रे, अंगकृष रघुवंशी, अमोघ भटकल, सूर्यकुमार यादव, सिद्धेश लाड, शिवम दुबे, आकाश आनंद (विकेटकीपर), हार्दिक तामोरे (विकेटकीपर), सूर्यांश शेडगे, शार्दुल ठाकुर, शम्स मुलानी, तनुष कोटियान , मोहित अवस्थी, सिल्वेस्टर डिसूजा, रॉयस्टन डायस, अथर्व अंकोलेकर, हर्ष तन्ना।

# अभिषेक शर्मा ने लगाई बड़ी छलांग, करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे पायदान पर पहुंचे, तिलक को पछाड़ा

**दुबई ।** आईसीसी की ताजा टी20 रैंकिंग में भारत के स्टार बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने बड़ी छलांग लगाई है। वह बल्लेबाजों में करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20 में अभिषेक ने बेहतरीन शतक जड़ा था। इसका फायदा उन्हें आईसीसी की रैंकिंग में मिला और उन्होंने 38 स्थानों की छलांग लगाई। अभिषेक के दूसरे पायदान पर पहुंचने की वजह से तिलक को अपना स्थान गंवाना पड़ा। तिलक एक स्थान के नुकसान के साथ तीसरे पायदान पर पहुंच गए। ट्रेविस हेड टी20 बल्लेबाजों में शीर्ष पर बने हुए हैं।

### टी20 बल्लेबाजों में शीर्ष-10

हेड के पास 855 रेटिंग अंक हैं। वहीं, अभिषेक के 829 रेटिंग




अंक और तिलक के 803 रेटिंग अंक हैं। चौथे नंब पर 798 रेटिंग अंकों के साथ फिल सॉल्ट और पांचवें नंबर पर 738 रेटिंग अंकों के साथ भारत के मौजूदा टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव हैं। इसके बाद जोस बटलर, बाबर आजम, पाथुम निसांका, मोहम्मद रिजवान और कुसल परेरा का नंबर आता है। अभिषेक के ऊपर आने की वजह से नौवें रैंक तक सभी को एक-एक स्थान का नुकसान हुआ है।

वहीं, भारत के यशस्वी जायसवाल तीन स्थान के नुकसान के साथ शीर्ष-10 से बाहर हो गए हैं। उनकी मौजूदा रैंकिंग 12 है। अभिषेक ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20 में 54 गेंद में 13 छक्कों की मदद से 135 रन की पारी खेली थी। इसकी बदौलत भारत ने इंग्लैंड पर 4-1 से सीरीज जीत दर्ज की थी। अभिषेक शीर्ष पर काबिज हेड से बस 26 रेटिंग अंक पीछे हैं।

वहीं, टी20 गेंदबाजों में भारत के वरुण चक्रवर्ती को भी फायदा हुआ है।

# 8 मैच, 3 शतक और रनों का अंबार

## रोहित-कोहली का नागपुर में बजता है डंका

**नई दिल्ली ।** भारत और इंग्लैंड के बीच पहले वनडे मैच में 24 घंटे भी नहीं बचे हैं. एक तरफ भारतीय टीम सीरीज का आगाज जीत के साथ करना चाहेगी. वहीं, दूसरी तरफ इंग्लिश टीम टी20 सीरीज में हार का हिसाब करने पर होगी. सभी की




फोकस विराट कोहली और रोहित शर्मा पर रहेगा क्योंकि पिछले कुछ दिनों से दोनों की फॉर्म सवालिया निशान रही है. 6 जनवरी को होने वाले मुकाबले में दोनों टीमें नागपुर में भिड़ेंगी, जहां विराट-रोहित बल्ले से रनों की बौछार करते नजर आते हैं. आईए जानते हैं कि नागपुर में दोनों के आंकड़े क्या कहते हैं.

रणजी में रहे फ्लॉप टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने रणजी ट्रॉफी में उतरकर जमकर माहौल बनाया. लेकिन बल्लेबाजी की हालत वही दिखी. पिछले 6 महीने से दोनों बल्लेबाज अपने खराब दौर से गुजर रहे हैं. जिसके चलते टीम इंडिया को न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार का सामना भी करना पड़ा. रणजी ट्रॉफी में रोहित शर्मा दोनों पारियों में फ्लॉप रहे जबकि कोहली दहाई का आंकड़ा भी नहीं पार कर सके.

टीम इंडिया के लिए चैंपियंस ट्रॉफी किसी चैलेंज से कम नहीं होगी. रोहित शर्मा के लिए यह आखिरी आईसीसी ट्रॉफी भी साबित हो सकती है।

# अहमद शहजाद ने पहले वीडियो में खुद किया अपने रिप्लेसमेंट का एलान

**कराची ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। पाकिस्तान टूनार्मेंट का गत चैंपियन है। उसने 2017 में भारत को एकतरफा फाइनल में हराकर खिताब जीता था। पिछले हफ्ते पीसीबी ने एक वीडियो साझा किया था जिसमें पाकिस्तान के 'क्लास ऑफ 2017' (2017 की चैंपियन टीम के सदस्य खिलाड़ियों) ने मौजूदा टीम की घोषणा की थी। जो खिलाड़ी या तो रिटायर हो चुके हैं या स्क्वॉड में नहीं हैं, उन्होंने मौजूदा टीम में अपने रिप्लेसमेंट नामों की घोषणा की। इसी कड़ी में अहमद शहजाद ने भी अपना रिप्लेसमेंट बताया, लेकिन वीडियो के बाद ट्वीट करते हुए पाकिस्तान की टीम को लताड़ भी लगाई। उनके दोहरे मापदंड की फैंस अब सोशल मीडिया पर आलोचना भी कर रहे हैं।

ब कप्तान रहे सरफराज अहमद



ने मोहम्मद रिजवान का नाम लिया (दोनों विकेटकीपर और कप्तान), जबकि तब उपकप्तान रहे मोहम्मद हफीज ने सलमान अली आगा (मौजूदा उपकप्तान) का और अजहर अली ने तैयब ताहिर का नाम लिया। फिर 2017 की टीम से केवल बाबर आजम, फहीम अशरफ और फखर जमान ने अपना परिचय दिया। फिर अहमद शहजाद ने अपने रिप्लेसमेंट के तौर पर उस्मान खान का नाम लिया और फिर खुद ट्वीट कर उनके चयन की आलोचना भी की।

# फिलैंडर की नजर में ये 4 टीमें टूनार्मेंट जीतने की प्रबल दावेदार

**केप टाउन ।** चैंपियंस ट्रॉफी को शुरू होने में अब बस कुछ ही दिन रह गए हैं। ऐसे में सभी टीमें तैयारियों में जुट गई हैं। हालांकि, भारत को अब भी कुछ सवालों के जवाब का इंतजार है। इनमें जसप्रीत बुमराह की चोट को लेकर अपडेट सबसे ऊपर है। इस बात पर अभी तक संशय है कि बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी में खेलेंगे या नहीं। उनका चयन तो किया गया है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनके खेलने की संभावना बेहद कम है। अब दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज वर्नोन फिलैंडर ने बुमराह को लेकर बीसीसीआई ने टीम मैनेजमेंट को सलाह दी है। फिलैंडर ने कहा कि भारत को अपने इस शानदार गेंदबाज का कार्यभार प्रबंधन करते हुए उसे हर सीरीज और टूनार्मेंट में उतारने के लोभ से बचना होगा।

**फिलैंडर की नजर में चैंपियंस ट्रॉफी की शीर्ष चार टीमें :** चैंपियंस ट्रॉफी में शीर्ष चार टीमों के बारे में पूछने पर उन्होंने भारत, ऑस्ट्रेलिया,






दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के नाम लिए। उन्होंने कहा, 'हम उपमहाद्वीप में खेल रहे हैं और भारत प्रबल दावेदार होगा। ऑस्ट्रेलिया बड़े टूनार्मेंटों की टीम है और पिछले साल टी20 विश्व कप फाइनल खेलकर दक्षिण अफ्रीका का आत्मविश्वास बढ़ा है। चौथी टीम इंग्लैंड हो सकती है।'

फिलैंडर ने एसए20 लीग से इतर बातचीत में कहा, 'बुमराह ने गेंदबाजों के लिए ऊंचे मानदंड कायम किए हैं। उनका कौशल और रफ्तार पर उनका नियंत्रण शानदार है, लेकिन भारत इतना ज्यादा क्रिकेट खेलता है कि उनके पास काफी काम रहता है।' भारतीय टीम प्रबंधन को इस पर गौर करना होगा। जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी को महत्वपूर्ण सीरीज और टूनार्मेंटों के लिए बचाकर रखना होगा। टूनार्मेंटों के बीच उनका कार्यभार प्रबंधन जरूरी है।

अब आईपीएल में टीम चाहेगी कि वह सारे मैच खेलें, लेकिन उसमें भी कार्यभार देखना होगा। ऐसे में उन्हें कम महत्वपूर्ण मैचों और सीरिज से आराम देकर दूसरे गेंदबाजों को मौका दिया जा सकता है।' **आप हमेशा खेलना चाहते हैं और नए रिकॉर्ड बनाना चाहते हैं'** : उन्होंने कहा , 'हालांकि, यह काफी कठिन है क्योंकि आप हमेशा खेलना चाहते हैं और नए रिकॉर्ड बनाना चाहते हैं।

# शमी तैयार नहीं, बुमराह को लेकर खबर अच्छी नहीं पूर्व क्रिकेटर ने टीम इंडिया की तैयारियों पर रखी राय

**नई दिल्ली ।** चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत ने 15 सदस्यीय टीम का एलान तो कर दिया है, लेकिन अभी भी कई सवाल ऐसे हैं, जिनका कोई जवाब नहीं मिल सका है। इनमें जसप्रीत बुमराह की चोट की स्थिति सबसे ऊपर है। इस मिनी विश्व कप को शुरू होने में लगभग दो हफ्ते का समय रह गया है। वहीं, टीम में किसी भी तरह के बदलाव के एलान की अंतिम तारीख 12 फरवरी है। ऐसे में बीसीसीआई की ओर से बुमराह को लेकर कोई जानकारी नहीं आने से फैंस हैरान हैं। बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे के लिए टीम में शामिल तो किया गया है, लेकिन क्या वह खेल पाएंगे, यह सवालिया निशान है। अब भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने भी अपनी राय रखी है और कहा है कि यह टीम इंडिया के लिए अच्छी खबर




नहीं है और उन्हें जो अपडेट मिला है, वह सकारात्मक नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि मोहम्मद शमी पूरी तरह तैयार नहीं हैं।

आकाश ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'मैं बुमराह की फिटनेस को लेकर अच्छी खबर नहीं सुन रहा हूं। हालांकि, मैं सुनी-सुनाई बातों पर विश्वास नहीं करूंगा और जो मैंने सुना है उसे साझा भी नहीं करूंगा।' बुमराह को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें टेस्ट के दौरान पीठ में चोट लग गई थी और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने टीम के चयन के वक्त कहा था कि बुमराह को कुछ दिनों के आराम की सलाह दी गई थी। उन्होंने कहा था कि उम्मीद है बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी तक फिट हो जाएंगे। वहीं, टीम इंडिया में कई महीनों बाद वापसी रहे शमी का फॉर्म भी कुछ खास नहीं रहा है। इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए उनका चयन हुआ और तीसरे टी20 में उन्हें पहली बार खेलने का मौका मिला। इस मैच में शमी ने तीन ओवरों में 25 रन दिए, लेकिन कोई विकेट हासिल नहीं कर सके। वहीं, पांचवें टी20 में शमी ने तीन विकेट तो लिए, लेकिन 2.3 ओवर में 35 रन खर्च कर दिए।

# बंगलूरू में ऑटो से टकराई द्रविड़ की कार, भारत के पूर्व कोच और ऑटो रिक्शा चालक की बहस

**बंगलूरू ।** भारत के महान बल्लेबाज और टीम इंडिया के पूर्व कोच राहुल द्रविड़ की कार बंगलूरू में ऑटो रिक्शा से टकरा गई। द्रविड़ का ऑटो रिक्शा चालक से बहस करते हुए एक वीडियो सामने आया है। इसमें आमतौर पर कूल माने जाने वाले द्रविड़ गुस्सा करते हुए दिख रहे हैं। यह घटना मंगलवार शाम की बताई जा रही है। सड़क किनारे से गुजर रहे एक राहगीर ने वीडियो कैप्चर किया है। वीडियो में द्रविड़ अपनी मूल भाषा कन्नड़ में ड्राइवर के साथ बहस करते हुए देखा जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, द्रविड़ की कार एक सामान उठाने वाली ऑटो से टकरा गई थी, जिससे उनकी और ड्राइवर के बीच सड़क पर बहस हो गई थी। यह स्पष्ट नहीं है कि द्रविड़ अपनी कार चला रहे थे या नहीं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दुर्घटना बंगलूरू के एक व्यस्त इलाके कनिंघम रोड पर हुई। सूत्रों ने बताया कि जब यह घटना हुई तब द्रविड़ इंडियन एक्सप्रेस जंक्शन से हाई



ग्राउंड्स की ओर जा रहे थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, द्रविड़ की कार यातायात में फंस गई थी और ऑटो चालक ने कथित तौर पर पीछे से अपनी गाड़ी कार में टक्कर मार दी। सूत्रों ने बताया कि घटनास्थल से जाने से पहले द्रविड़ ने ऑटो चालक का फोन नंबर रख लिया। घटना के बारे में अधिक जानकारी सामने आना बाकी है। द्रविड़ के बीच तीखी बहस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

टाइम्स ऑफ इंडिया बंगलूरू द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के मुताबिक, मामूली टक्कर के बाद कनिंघम रोड पर बहस हुई। पोस्ट में कहा गया है कि इस प्रक्रिया में किसी भी वाहन से किसी को चोट नहीं आई। डेक्कन हेराल्ड की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना मंगलवार शाम साढ़े छह बजे के आसपास हुई। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि टक्कर और दुर्घटना के संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि द्रविड़ ने घटनास्थल से जाने से पहले गुड्स ऑटो ड्राइवर का फोन नंबर और ऑटो का रजिस्ट्रेशन नंबर लिया था।

# पूर्व राज्य सभा सदस्य डॉ. अनिल अग्रवाल ने राइस इन इंडिया कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्रियों को किया आमंत्रित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद से राज्य सभा सांसद रहे डॉ. अनिल अग्रवाल ने भारत सरकार में केंद्रीय आयुष मंत्री स्वतंत्र प्रभार लोक सभा सांसद प्रताप राव जाधव एवं भारतीय केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री और भारतीय केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री राज्य सभा सदस्य पवित्र मार्गरीटा को आगामी 20,21,22 फरवरी को एच.आर.आई.टी यूनिवर्सिटी में होने वाले कार्यक्रम 'राइस इन इंडिया' के लिए मुख्य अतिथियों के रूप में आमंत्रित किया।

पिछले कई वर्ष से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कई केंद्रीय मंत्री आ चुके हैं। इस वर्ष भी दोनों केंद्रीय मंत्री सहित और भी महत्वपूर्ण व्यक्तियों के आने के संकेत हैं। भेंट के दौरान डॉ. अनिल अग्रवाल के प्रतिनिधि एवं खाद्य निगम में नामित सदस्य राहुल गोयल भी मौजूद रहे।

## मत्स्य विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अन्तर्गत आवेदन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में मत्स्य विभाग जनपद गाजियाबाद हेतु प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की विभिन्न मात्स्यिकी परियोजनाओं के लाभ से जन सामान्य को आच्छादित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने हेतु विभागीय पोर्टल http:/fisheries.up.gov.in 01.02.2025 से 15.02.2025 तक खोला जा रहा है। परियोजना की विस्तृत जानकारी, इकाई लागत, आवेदन करने की प्रकिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व अन्य विवरण विभागीय वेबसाइट http:/fisheries.up.gov.in पर उपलब्ध है। विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, कमरा नं.-216 विकास भवन प्रथम तल जनपद गाजियाबाद में सम्पर्क कर सकते हैं।

मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश

# हापुड़ में बिना अनुमति नहीं मिलेंगे कारतूस

## लाइसेंस धारकों को नए खरीदने से पहले देनी होगी पुराने कारतूसों की जानकारी



**हापुड (करंट क्राइम)।** मेरठ रेंज के डीआईजी कलानिधि नैथानी ने हापुड़ में शस्त्र नियंत्रण को लेकर महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। 'ऑपरेशन शस्त्र अभियान' के तहत अब लाइसेंस धारकों को नए कारतूस खरीदने से पहले पुराने कारतूसों के उपयोग का विवरण देना होगा। एसडीएम या सीओ द्वारा जांच के बाद ही नए कारतूस जारी किए जाएंगे।

खिलाड़ियों के लिए विशेष नियम बनाए गए हैं। उन्हें खाली कारतूस जमा करने की सीमा 80 प्रतिशत से बढ़ाकर 90 प्रतिशत कर दी गई है। साथ ही, नए लाइसेंसधारकों को भी सीमित संख्या में ही कारतूस दिए जाएंगे। गोलीकांड की जांच को और अधिक कड़ा किया गया है। हर घटना में पांच प्रमुख बिंदुओं की जांच की जाएगी। गोली चलाने वाला, हथियार का मालिक, अवैध हथियार की खरीद का स्त्रोत, हथियार रखने का स्थान और घटना में प्रयुक्त वाहन व उसमें सवार लोगों की जानकारी। कड़े नियमों के तहत, लाइसेंसी हथियार दूसरों को देने पर धारा 30 के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा। अपराधिक घटनाओं में शामिल पाए जाने पर परिवार के सदस्यों और मित्रों पर भी कार्रवाई की जाएगी। लोगों को अवैध हथियार रखने वालों से दूरी बनाने और उन्हें किसी प्रकार की सहायता न करने की सलाह दी गई है। अपराधियों को शरण देने या हथियार छिपाने में मदद करने वालों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# यशोदा मेडिसिटी ने किया 'हेल्थ अवेयरनेस टेड टॉक' कार्यक्रम का आयोजन

## रीजनरेटिव थैरेपी से मिलेगा दर्द से छुटकारा, बिना सर्जरी के इलाज संभव

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** यशोदा मेडिसिटी के यशोदा स्पाइन एंड पेन मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट द्वारा 'हेल्थ अवेयरनेस टेड टॉक' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अमेरिका से आए प्रोफेसर सुधीर दीवान (प्रेसिडेंट, एडवांस्ड स्पाइन ऑन पार्क एवेन्यू, न्यूयॉर्क और डायरेक्टर, मैनहट्टन स्पाइन एंड पेन मेडिसिन, यूएसए) और डॉ. नीरज जैन (इंटरनेशनली एक्नॉलेज्ड स्पाइन एंड पेन स्पेशलिस्ट, डायरेक्टर-यशोदा स्पाइन एंड पेन मैनेजमेंट सेंटर) ने रीजनरेटिव थैरेपी और दर्द प्रबंधन पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रोफेसर सुधीर दीवान ने 'रीजनरेटिव थैरेपी इज द फ्यूचर' विषय पर चर्चा करते हुए बताया कि सबकोंड्रल टरउ२ तकनीक के माध्यम से डीजेनेरेटिव जॉइंट और स्पाइन बीमारियों का इलाज संभव है। उन्होंने कहा कि यह चिकित्सा पद्धति बिना सर्जरी के दर्द से राहत दिलाने में कारगर साबित हो रही है। कार्यक्रम में चिकित्सा क्षेत्र के कई विशेषज्ञ, डॉक्टर और हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स शामिल हुए। यशोदा मेडिसिटी के सीएमडी डॉ. पी. एन. अरोड़ा ने कहा कि हमारा लक्ष्य मरीजों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में यशोदा मेडिसिटी की एमडी डॉ. उपासना अरोड़ा और शुभांग अरोड़ा शामिल रहे।



### हर व्यक्ति को दर्द से राहत पाने का अधिकार : डॉ. नीरज जैन

**करंट क्राइम।** डॉ. नीरज जैन ने 'पेन रिलीफ इज ए ह्यूमन राइट' विषय पर बोलते हुए कहा कि हर व्यक्ति को दर्द से राहत पाने का अधिकार है। उन्होंने आधुनिक दर्द निवारण तकनीकों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सही उपचार से मरीजों को लंबे समय तक आराम मिल सकता है।

# मेरा वार्ड ही मेरा परिवार, वार्ड का हर एक नागरिक पार्षद : शीतल चौधरी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पार्षद शीतल चौधरी ने अपने वार्ड में एक नई पहल शुरू की है, उन्होंने वार्ड के विकास के प्रति मुखर होकर एक पोस्ट भी सोशल मीडिया पर शेयर की है। उन्होंने लिखा है कि वार्ड मेरा परिवार है, इस लिए वार्ड का हर एक नागरिक पार्षद है, कहीं भी कोई शिकायत या लापरवाही आती है तो उस पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों से कोई समझौता नहीं होगा, न किसी की मनमानी चलने दी जाएगी।



### वार्ड का चहुंमुखी विकास कराना मेरी प्राथमिकता, वार्ड के विकास में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : पार्षद



**करंट क्राइम।** पार्षद शीतल चौधरी ने कहा कि कभी-कभी कुछ कारणों से में क्षेत्र में हो रहे विकास से संबंधित निर्माण कार्यों का निरीक्षण नहीं कर पाती हूं लेकिन स्थानीय लोग उसकी निगरानी कर एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभा सकते हैं। विकास कार्यो में कोई भी लापरवाही पाई जाती है तो मुझे अवगत करा सकते हैं। कभी-कभी ठेकेदारों द्वारा निर्माण कार्यों में लापरवाही देखी गई है जिसे बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हाल ही में आर्य नगर की सर्विस रोड में निर्माण कार्य चल रहा है वहां पर रखी ईट की क्वालिटी ठीक नहीं लगी, इसकी जानकारी मुझे मिली तो मैंने तुरंत ठेकेदार से बात की और उन ईंटों को हटवा दिया गया है। इसलिए मैं अपने वार्ड की सभी जनता से अपील करती हूं अगर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में कोई लापरवाही मिलती है तो उसकी सूचना जरूर दें, जिससे वार्ड को एक आदर्श वार्ड बनाया जा सके। मेरा प्रयास है कि मैं अपने वार्ड को सबसे अच्छा और सुंदर वार्ड बना सकूं लेकिन यह सभी के सहयोग से ही होगा। आप सभी वार्ड के लोग मेरा परिवार हैं इसलिए यह वार्ड सभी का है इसके विकास के लिए आपके सुझाव और प्रयास मेरे लिए काफी मायने रखते हैं।

## लापरवाही : लग्जरी सोसाइटी में कार के शीशे तोड़े, 4 दिन बाद हुई एफआईआर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम में स्थित प्रीमियम हाईराइज सोसाइटी कृष्णा विस्टा में एक व्यक्ति ने क्रिकेट बैट से दूसरे निवासी की कार के सभी शीशे तोड़ दिए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, लेकिन पुलिस ने चार दिन तक कोई कार्रवाई नहीं की। घटना 1 फरवरी को हुई थी , जब सोसाइटी के बी टावर में रहने वाले दुष्यंत शर्मा ने व्यवसायी प्रशांत की कार को निशाना बनाया। सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट दिखाई दे रहा है। पीड़ित प्रशांत ने बताया कि वह चार दिन तक पुलिस चौकी और थाने के चक्कर लगाते रहे, लेकिन उनकी शिकायत दर्ज नहीं की गई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने पुष्टि की कि प्रशांत की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। यह घटना पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है, जहां स्पष्ट सबूत होने के बावजूद कार्रवाई में विलंब किया गया।



## पत्नी को गुजारा भत्ता न देने पड़े पति ने की हत्या

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** पत्नी को गुजारा भत्ता देने से बचने के लिए एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। बह्मपुरी कॉलोनी की 40 वर्षीय मधु शर्मा, जो एक बुटीक में काम करती थीं, 21 जनवरी को काम पर जाने के लिए निकलीं, लेकिन वापस नहीं लौटीं। उनकी बहन मंजू शर्मा ने पूर्व पति वीरेन्द्र शर्मा उर्फ सोनू पर अपहरण और हत्या की आशंका जताते हुए शिकायत दर्ज कराई। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय के अनुसार, पूछताछ में वीरेन्द्र ने स्वीकार किया कि उसने मधु की हत्या कर दी। दोनों की शादी 2002 में हुई थी, लेकिन दो साल बाद ही अलग हो गए। 2014 में एकपक्षीय तलाक के बाद, मधु ने गाजियाबाद कोर्ट में मुकदमा दायर किया। सितंबर 2023 में कोर्ट ने वीरेन्द्र को 5 लाख रुपए एकमुश्त और 6 हजार रुपए मासिक गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। आरोपी ने बताया कि 21 जनवरी को पैसे देने का बहाना बनाकर मधु को हरिद्वार ले गया। जहां उसकी दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को खाई में फेंक दिया।




## क्या जल्द एक सर्किल होगा पिंक

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बड़ी संख्या में एसीपी स्तर के अधिकारियों की संख्या होने की बातें पूर्व में भी सुनाई देती रही हैं। वहीं सुनने में आ रहा है कि पिछले महीने एसीपी की तबादला लिस्ट चली थी। उसी लोकल वाली तबादला लिस्ट के चले हुए लगभग दो सप्ताह वाला समय हो रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बसंत वाले मौसम के दौरान फिर एक बार एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। वहीं सूत्रों ने बताया है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में नदिया पार का एक सर्किल पिंक किया जा सकता है। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में वर्तमान में तीन महिला एसीपी हैं, जो साइड लाइन वाली पोस्टिंग पर चल रही हैं। वैसे उनकी वर्क और प्रोग्रेस रिपोर्ट अधिकारी समय में लेते रहते हैं। साथ ही उनको दी जाने वाली जिम्मेदारियां का भी आकंलन किया जाता है और मॉनिटरिंग होती रहती है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि इन दिनों फिर पुलिस कमिश्नरेट में एक महिला एसीपी को चार्ज दिए जाने की चर्चा सुनाई दे रही है। वह महिला एसीपी कौन होगी, जिसको चार्ज मिलेगा, यह देखना बेहद दिलचस्प होगा। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि पिछले दिनों भी एक महिला एसीपी का नाम सिटी के लिए चला था, पर उनको एक अधिकारी ने क्लीन बोर्ड कर दिया था। उनके नाम पर आपत्ति आ गई थी और फिर लिस्ट में ट्विस्ट आ गया था। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि 10 फरवरी के बाद फिर एसीपी के कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव वाले संकेत मिल सकते हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम से एक एसीपी को भी रवाना किया जा सकता है। देखना होगा आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में क्या समीकरण और संयोग बनता है और किस एसीपी को सर्किल वाला चार्ज मिलता है। कौन सा एसीपी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में पिंक सर्किल बनेगा, यह भी देखना दिलचस्प होगा। बता दें की वर्तमान में तीन सर्किल ऐसे हैं जो पिंक सर्किल के रूप में हैं। इसमें नदिया पार का एक सिटी, दूसरका ट्रांस हिंडन और एक देहात का सर्किल शामिल है। देखना होगा कि पिंक सर्किल की संख्या पुलिस कमिश्नरेट के किस जोन में दो होती है।

# महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में 15 फरवरी को होगा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग गाजियाबाद द्वारा ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत जनपद स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 15 फरवरी को महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम गाजियाबाद में कराया जा रहा है, जिसमें खण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों द्वारा एथलेटिक्स, बैडमिंटन कुस्ती, कबड्डी, जू, बालीवाल, भारोत्तोलन एवं फुटबॉल विधाओं में बालक एवं बालिका वर्ग में सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में प्रतिमाग किया जायेगा।

एतद्द्वारा खण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित समस्त खिलाड़ियों को सूचित किया जाता है कि अपने विकास खण्ड के क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी से संपर्क कर 05 फरवरी 2025 को प्रातः 8:00 बजे तक महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम गाजियाबाद में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# दो दिवसीय जनपद स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

## डीडीओ प्रज्ञा श्रीवास्तवा ने किया शुभारम्भ





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग गाजियाबाद द्वारा जनपद स्तरीय उ०प्र० ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत दो दिवसीय जनपद स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन महामाया स्पोर्टस स्टेडियम गाजियाबाद में किया जा रहा है। जिसमें सभी विकास खण्डों के खण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों द्वारा जनपद स्तर पर प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रज्ञा श्रीवास्तवा जिला विकास अधिकारी/ प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बैलून उड़ाकर किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत कबड्डी, जूड़ो, कुश्ती, फुटबॉल, बॉलीबॉल, बैटमिन्टन, ऐथलेटिक्स व भारोत्तोलन विधाओं में प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। बुधवार को खेल प्रतियोगिता में ऐथलेटिक्स (दौड़ व लम्बी कूद) व कबड्डी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। ऐथलेटिक्स में 100, 200, 400, 800 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें सीनियर, जूनियर व सब जूनियर बालक/बालिकाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। विजेता बालक-बालिका खिलाड़ियों को मैडल व प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। जयपाल सिंह सागर जि.यु.क. एवं प्रा.वि.द.अधिकारी, सर्वेश सिंह, ऋचा तिवारी, आशिमा गोस्वामी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी व दर्शक उपस्थित रहे।

# खुले में शराब पीने वालो को पहुचायां हवालात, तो जोड़ने लगे हाथ

## पुलिस के विशेष अभियान में रिकॉर्ड गिरफ्तारी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने की बढ़ती शिकायतों के मद्देनजर एक बड़ी कार्रवाई की। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन - शहर, देहात और ट्रांस हिंडन में चलाए गए 3 घंटे के विशेष अभियान में रिकॉर्ड 761 लोगों को गिरफ्तार किया गया। शहर जोन में सबसे ज्यादा 331 लोगों को गिरफ्तार किया गया। डीसीपी राजेश कुमार के अनुसार, कोतवाली नगर से 62, विजयनगर से 55, सिहानी गेट से 30, नंदग्राम से 74, कवि नगर से 53 और मधुबन बापूधाम से 57 लोगों को पकड़ा गया। वहीं ट्रांस हिंडन जोन में डीसीपी निमिष पाटिल के नेतृत्व में 148 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पिछले एक महीने से चल रहे इस अभियान में यह अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को थाने लाया गया, जहां मेडिकल जांच के बाद उनका 34 पुलिस एक्ट के तहत चालान किया गया। अभियान में सभी एसीपी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी शामिल रहे। पुलिस के अनुसार, सड़कों पर खुलेआम शराब पीने से आम नागरिकों को होने वाली परेशानी को देखते हुए यह कार्रवाई की गई। डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया इसी तरीके से इस 3 घंटे के अभियान में देहात जोन में पुलिस ने 282 लोगों को पकड़ा।



## नोएडा में 3 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा में निजी स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। हेरिटेज स्कूल, मयूर स्कूल और स्टेप बाई स्टेप स्कूल के पास मेल आई है। जिसके बाद वहां के प्रबंधक ने पुलिस को जानकारी दी। अधिकारी फोर्स के साथ पहुंचे। इस दौरान बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड ने स्कूलों में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। सभी बच्चों को बाहर निकाला गया। जानकारी पर पेरेंट्स भी स्कूल पहुंचे गए।

**पूरे स्कूल को खाली कराया गया, मेल पर लिखा-सबको उड़ा दूंगा**

कमिश्नर मीडिया सेल ने बताया- स्कूल के पास एक मेल आई थी, जिसमें बम से उड़ाने की धमकी थी। स्कूल स्टाफ की जानकारी पर टीम पहुंची। स्कूल में जांच की गई। जहां पर कुछ नहीं निकला। इसके बाद स्कूल में सामान्य रूप से क्लास चालू कर दी गई है।

# राशन कार्ड से वंचित वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभार्थी बनवाएं फैमिली आई.डी.

## फैमिली आई.डी. से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में लाभार्थियों को होगी सुगमता

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों के क्रम में फैमिली आई.डी. - एक परिवार एक पहचान योजनान्तर्गत विभिन्न लाभार्थी परक योजनाओं के बेहतर प्रबन्धन, समयबद्ध लम्बीकरण, पारदर्शी संवालन, योजनाओं में शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों का आच्छादन एवं जनसामान्य हेतु सरकारी सुविधाओं का सरलीकरण करने के उद्देश्य से ऐसे लाभार्थी, जिनके राशन कार्ड उपलब्ध नहीं है, की फैमिली आईडी बनाये जाने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा एक पोर्टल विकसित किया गया है, जिसकी Website: https://familyid.up.gov.in/ है। वृद्धावस्था पेंशन योजना के ऐसे लाभार्थी, जिनके राशन कार्ड अथवा फैमिली आई०डी० उपलब्ध नहीं है. वह यथाशीघ्र फैमिली आई०डी० एक परिवार एक पहचान योजना की Website: https://familyid.up.gov.in/ पर स्वयं अथवा नजदीकी लोकवाणी केंन्द्र/जन सेवा केन्द्र / साइबर कैफे के माध्यम से आधार कार्ड द्वारा रजिस्ट्रेशन / आवेदन कर अपनी फैमिली आई०डी० बनवा लें। फैमिली आई०डी० होने से अन्य सरकारी योजनाओं में लाभ लेने में सुगमता होगी।



# स्वीडन स्कूल हमले में 11 लोगों की मौत

## पुलिस का दावा- हमलावर ने की आत्महत्या, कई घायलों का इलाज जारी

**ओरेब्रो ।** स्वीडन के ओरेब्रो शहर में एक स्कूल पर हुई गोलीबारी की वारदात में 11 लोगों की मौत हो गई है। स्वीडिश पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि पुलिस को अभी यह पता नहीं चल पाया है कि गोलीबारी में कितने लोग घायल हुए हैं। स्थानीय पुलिस प्रमुख रॉबर्टो एड फोरेस्ट ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जांचकर्ता गोलीबारी के बारे में और जानकारियां जुटा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'यह स्पष्ट नहीं है कि गोलीबारी स्कूल (भवन) के अंदर हुई या क्या और भी हमलावर इसमें शामिल थे।'




### स्कूल के अन्य हिस्सों को खाली कराया गया

घटनास्थल से सामने आए वीडियो में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी और अन्य आपातकालीन वाहन देख जा सकते हैं। इसके अलावा छात्रों को पास की इमारतों में शरण लेते हुए भी देखा गया। गोलीबारी के बाद स्कूल के अन्य हिस्सों को खाली करा दिया गया। न्याय मंत्री गुन्नार स्ट्रॉमर ने बताया, ओरेब्रो में हिंसा की खबरें बेहद गंभीर हैं। सरकार पुलिस के साथ निरंतर संपर्क में है और घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है।


स्वीडिश मीडिया के अनुसार, प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने कहा कि यह 'पूरे स्वीडन के लिए बहुत दुखद दिन है।' कैंपस रिसबर्गस्का नाम के इस स्कूल में 20 साल से अधिक उम्र के लोग पढ़ते हैं। ये स्कूल स्टॉकहोम से लगभग 200 किमी (125 मील) पश्चिम में मौजूद है। जिसमें 20 साल से अधिक उम्र के छात्रों को प्राथमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा, प्रवासियों के लिए स्वीडिश भाषा की कक्षाएं, व्यावसायिक प्रशिक्षण दिए जाते हैं।

**शिक्षिका और छात्र गोलीबारी से सहमे :** वहीं इस वारदात के बाद पुलिस वाहन और एम्बुलेंस स्कूल के आसपास के इलाके में पहुंच गए, जबकि एक हेलिकॉप्टर भी मौके पर मौजूद था। शिक्षिका लीना वारेनमार्क ने बताया कि उन्होंने लगभग 10 गोलियों की आवाज सुनी।

# गाजा पर मालिकाना हक चाहते हैं ट्रंप

## बोले- जरूरत पड़ी तो अपनी सेना भी भेजेंगे

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा बयान देते हुए कहा है कि वे चाहते हैं कि गाजा का मालिकाना हक अमेरिका ले और गाजा का पुनर्निर्माण करे। डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि हम गाजा का मालिकाना लेना चाहते हैं, इसके बाद गाजा में मौजूद खतरनाक बमों और अन्य हथियारों को नष्ट करने की जिम्मेदारी हमारी होगी। अमेरिका ध्वस्त या जर्जर हो चुकी इमारतों का पुनर्निर्माण कराएगा और गाजा का आर्थिक विकास करेगा। इससे गाजा में रोजगार और लोगों को घर मिलेंगे।



अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि गाजा के पुनर्निर्माण में अगर अमेरिकी सेना की जरूरत पड़ी तो वे सेना को भी गाजा में तैनात करने पर विचार कर सकते हैं।

ट्रंप ने कहा कि अगर यह जरूरी हुआ तो हम ऐसा करेंगे। वहीं इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने भी ट्रंप की इस योजना का समर्थन किया और इसे पर खुशी जाहिर की। नेतन्याहू ने कहा कि हम चाहते हैं कि गाजा भविष्य में अब कभी भी इस्राइल के लिए खतरा न बने, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप इसे एक नई ऊंचाई पर ले जा रहे हैं। ट्रंप का विचार अलग है और इससे गाजा का भविष्य बदल जाएगा। इस विचार पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। नेतन्याहू ने कहा कि अगर ऐसा हुआ तो इससे इतिहास बदल सकता है।

**'विस्थापित फलस्तीनियों को स्थायी तौर पर गाजा के बाहर बसाया जाए' :** अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक और अहम बात की, जिसमें उन्होंने सुझाव दिया कि गाजा से विस्थापित हुए फलस्तीनियों को युद्धग्रस्त गाजा के बाहर स्थायी तौर पर बसाया जाना चाहिए। ट्रंप ने कहा कि 'मुझे नहीं लगता कि लोगों को गाजा में वापस जाना चाहिए। आप अभी गाजा में नहीं रह सकते। हमें दूसरी जगह तलाशने की जरूरत है और यह ऐसी जगह होनी चाहिए, जहां लोग खुशी से रह सकें।' अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि 'बीते एक दशक से देखें तो गाजा में सिर्फ लोगों की जान गई है। यह वर्षों से हो रहा है। अगर हम लोगों को किसी अच्छी जगह फिर से बसा सकें और उन्हें अच्छे घर दे सकें तो इससे लोग भी खुश होंगे और फिर किसी की जान नहीं जाएगी।

# सिंगापुर में नस्लीय सद्भाव पर नया कानून पारित, इससे विदेशी हस्तक्षेप पर लगेगी लगाम

**सिंगापुर ।** सिंगापुर में नस्लीय सद्भाव को मजबूत करने वाला एक नया कानून पारित किया गया है। इस कानून का उद्देश्य देश में नस्लीय सद्भाव को बढ़ावा देना और साथ ही विदेशी हस्तक्षेप पर लगाम लगाना है। यह कानून सिंगापुर की संसद में एकमत से पारित हो गया। सिंगापुर में 300 समूह और व्यापारिक संघों को नस्ल आधारित इकाई घोषित किया गया है और इन्हें विदेश से मिलने वाली आर्थिक मदद का खुलासा करना होगा।



### नए कानून से मजबूत होगा नस्लीय सद्भाव

यह कानून मंगलवार को पारित किया गया। सिंगापुर के गृह और कानून मंत्री के षणमुगम ने कहा कि सिंगापुर में पहले से ही नस्लीय सद्भाव को खतरे में डालने वाले आचरण से निपटने के कानून हैं, लेकिन नया कानून इन कानूनों को एक जगह पर लाता है। नए कानून में सामुदायिक सुधारात्मक पहल की भी शुरूआत की गई है, जो कम गंभीर नस्लील अपराधों में आरोपियों को अभियोजन के बदले एक मौका देता है। हालांकि इससे सिंगापुर में मुक्त भाषण पर थोड़ी लगाम लगेगी। षणमुगम ने कहा, 'हमने हमेशा सिंगापुर में नस्लीय सद्भाव को अहम आधार माना है, और इसलिए इस विधेयक को उसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए।'

षणमुगम ने कहा कि नस्ल संबंधों के बारे में अस्वीकार्य आचरण का दायरा मूल रूप से वही है, क्योंकि नए कानून के तहत अपराध वही हैं जो दंड संहिता में पहले से ही मौजूद हैं। ऑनलाइन टिप्पणियों का जिक्र करते हुए जिसमें 'फिलिस्तीन को स्वतंत्र होना चाहिए' का आह्वान किया गया है, मंत्री ने बताया कि ये हिंसा के आह्वान नहीं हैं, बल्कि राय की अभिव्यक्ति हैं।

# नहीं रहे शिया धर्मगुरु और अरबपति आगा खान चतुर्थ

## पुर्तगाल में 88 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस

**पेरिस ।** शिया धर्मगुरु और दिग्गज अरबपति आगा खान चतुर्थ नहीं रहे। पुर्तगाल में 88 वर्ष की आयु में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनको मोहम्मद पैगंबर वंश का प्रत्यक्ष वंशज माना जाता था। आगा खान फाउंडेशन और इस्माइली धार्मिक समुदाय ने एलान किया कि आगा खान चतुर्थ के उत्तराधिकारी को उनकी वसीयत में नामित किया गया है। जिसे लिस्बन में उनके परिवार और धार्मिक नेताओं की उपस्थिति में बताया जाएगा। हालांकि इसकी तारीख की घोषणा नहीं की गई है।



आगा खान फाउंडेशन ने एक्स पर लिखा कि शिया इस्माइली मुसलमानों के 49वें वंशानुगत इमाम और पैगंबर मोहम्मद के वंशज प्रिंस करीम अल-हुसैनी आगा खान चतुर्थ का 88 वर्ष की आयु में अपने परिवार के बीच लिस्बन में निधन हो गया। उनके नामित उत्तराधिकारी की घोषणा बाद में की जाएगी। आगा खान चतुर्थ ने दुनिया के सबसे गरीब और सबसे हाशिए पर रहने वाले समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए मानव, वित्तीय और तकनीकी संसाधनों को एक साथ लाने के लिए 1967 में आगा खान फाउंडेशन की स्थापना की थी। यह फाउंडेशन अफ्रीका, एशिया, यूरोप, मध्य पूर्व और उत्तरी अमेरिका के 18 देशों में काम करता है। आगा खान फाउंडेशन उनके परिवार और दुनिया भर के इस्माइली समुदाय के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता है।

**जेनेवा में हुआ था जन्म :** इस्माइली समुदाय की वेबसाइट ने कहा कि आगा खान चतुर्थ का जन्म 13 दिसंबर 1936 को स्विट्जरलैंड के जेनेवा के पास क्रेक्स-डी-गेंथोड में हुआ था। वे जोआन यार्डे-बुलर और एली खान के बेटे थे।

# पर्वतारोही अकेले नहीं कर पाएंगे माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई, नेपाल ने बदले नियम

## रॉयल्टी शुल्क में भी इजाफा

**काठमांडू ।** अब माउंट एवरेस्ट पर पर्वतारोही अकेले चढ़ाई नहीं कर पाएंगे। नेपाल ने पर्वतारोहण नियम में छठवां संशोधन किया है। इसके तहत माउंट एवरेस्ट सहित आठ हजार मीटर से अधिक ऊंचे सभी पहाड़ों पर अकेले चढ़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। नए नियम के मुताबिक पर्वतारोहण दल के प्रत्येक दो सदस्यों के साथ कम से कम एक ऊंचाई कार्यकर्ता या पर्वतारोहण गाइड होना जरूरी होगा।

नेपाल ने अधिसूचना में कहा कि आठ हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले पर्वत शिखर पर चढ़ते समय पर्वतारोहण दल के प्रत्येक दो सदस्यों के साथ कम से कम एक ऊंचाई कार्यकर्ता या गाइड अवश्य होना चाहिए। जबकि अन्य पर्वतों पर चढ़ते समय पर्वतारोहण दल को अपने साथ कम से कम एक गाइड होगा अनिवार्य होगा। नया नियम लागू होने के बाद चोटियों पर अकेले चढ़ने पर लगाम लगेगी। सरकार का कहना है कि किसी भी व्यक्ति को उसके अनुभव की परवाह किए बिना अकेले पहाड़ पर चढ़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह नियम अब अल्पाइन और अभियान शैली के पर्वतारोहियों पर भी लागू होगा।



**विदेशी पर्वतारोहियों के रॉयल्टी शुल्क में इजाफा :** सरकार ने वसंत ऋतु में दक्षिण मार्ग से माउंट एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ने का प्रयास करने वाले विदेशी पर्वतारोहियों के लिए रॉयल्टी शुल्क को बढ़ाकर 15000 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति कर दिया है। मार्च से मई के बीच हिमालयी राष्ट्र में पर्वतारोहियों की बड़ी आमद होती है। पहले इसकी फीस 11,000 अमेरिकी डॉलर हुआ करती थी। वहीं सितंबर से नवंबर तक चलने वाले शरद ऋतु के लिए पर्वतारोहण रॉयल्टी को भी 5,500 अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 7,500 अमेरिकी डॉलर कर दिया गया है। इसके अलावा दिसंबर से फरवरी तक चलने वाले शीतकालीन अभियान और जून से अगस्त तक चलने वाले मानसून अभियान की फीस भी मौजूदा 2,750 अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 3,750 अमेरिकी डॉलर कर दी गई है।

सरकार ने आठ हजार पर्वतारोहियों के शुल्क में भी संशोधन किया है। इसमें वसंत अभियान की रॉयल्टी 1800 अमेरिकी डॉलर से लगभग दो गुना बढ़कर 3000 अमेरिकी डॉलर, शरद ऋतु का शुल्क 900 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 1500 अमेरिकी डॉलर और सर्दियों व मानसून अभियान के लिए रॉयल्टी को 450 अमेरिकी डॉलर से 750 अमेरिकी डॉलर कर दिया गया है। जबकि नेपाली पर्वतारोहियों के लिए वसंत ऋतु में सामान्य मार्ग की रॉयल्टी 75,000 रुपये से 1.5 लाख रुपये हो गई है। नेपाल ने पर्वतारोहियों के परिवार के सदस्यों, गाइडों और उच्च ऊंचाई वाले बेस कैंप के कर्मचारियों को भी बेस कैंप में जाने से प्रतिबंधित कर दिया है।

# सीनेट समिति ने स्वास्थ्य मंत्री पद के लिए बढ़ाया रॉबर्ट कैनेडी जूनियर का नामांकन, विपक्ष ने किया विरोध

**वॉशिंगटन ।** विवादास्पद पर्यावरण अधिवक्ता से सार्वजनिक स्वास्थ्य आलोचक बने रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर ने मंगलवार को देश का शीर्ष स्वास्थ्य पदाधिकारी बनने के मार्ग में अपनी पहली बाधा तब पार कर ली, जब सीनेट की वित्त समिति ने सदन में मतदान के लिए उनके नामांकन को आगे बढ़ाने का फैसला किया। रिपब्लिकन सांसदों ने उनके नामांकन को आगे बढ़ाने के लिए मतदान किया, जबकि सभी डेमोक्रेट ने विरोध में वोट डाला। उनके नामांकन को अब पूर्ण सीनेट में मतदान से गुजरना होगा।



वित्त समिति में शामिल लुइसियाना से रिपब्लिकन सीनेटर एवं चिकित्सक बिल कैसिडी ने कैनेडी के नामांकन को आगे बढ़ाने के लिए मतदान किया। पिछले हफ्ते जारी सुनवाई के दौरान कैसिडी ने कैनेडी से बार-बार इस अप्रमाणित सिद्धांत को खारिज करने का आग्रह किया कि टीके ह्यऑटिज्मह्व (मानसिक विकास से जुड़ी बीमारी) का कारण बनते हैं, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

कैसिडी ने कैनेडी से कहा, ह्यआपका अतीत, निराधार या भ्रामक तर्कों के साथ टीकों में विश्वास को कम करना, मुझे चिंतित करता है।

मेन से रिपब्लिकन सीनेटर सुसान कोलिन्स, अलास्का से लिसा मुर्कोव्स्की और केंटकी से मिच मैककोनेल को संभावित तौर पर मतदान करने वाले के रूप में नहीं देखा जाता।

# फलस्तीन बनने तक इस्राइल से नहीं रखेंगे कोई संबंध, सऊदी अरब ने ट्रंप को दिया झटका

**रियाद ।** 'सऊदी अरब ने डोनाल्ड ट्रंप और इस्राइल को झटका देते हुए कहा है कि जब तक फलस्तीन देश नहीं बन जाता है, तब तक इस्राइल के साथ कोई कूटनीतिक संबंध नहीं बनाएंगे। सऊदी अरब ने कहा कि वे फलस्तीन की अलग देश के रूप में मांग से पीछे नहीं हटेंगे। सऊदी अरब का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब मंगलवार को ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वे चाहते हैं कि अमेरिका, गाजा पर नियंत्रण रखे और गाजा से विस्थापित लोगों को गाजा के बाहर बसाया जाए।



### 'फलस्तीन के मुद्दे पर नहीं करेंगे कोई समझौता'

सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान जारी किया। सोशल मीडिया पर साझा इस बयान में कहा गया है कि सऊदी अरब का विदेश मंत्रालय यह स्पष्ट करता है कि फलस्तीन देश बनाने को लेकर हमारा विचार दृढ़ है और ये बदलने वाला नहीं है। युवराज और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान ने 18 सितंबर 2024 को शूरा काउंसिल के पहले सत्र में भी स्पष्ट और दृढ़ तौर पर फलस्तीन को अलग देश बनाने का समर्थन किया था।

युवराज ने जोर देकर कहा था कि वह फलस्तीन को अलग देश बनाने का समर्थन जारी रखेगा और पूर्वी यरूशलम उसकी राजधानी होनी चाहिए, जब तक ये नहीं होता है, तब तक इस्राइल के साथ कोई कूटनीतिक संबंध स्थापित नहीं किए जाएंगे।

सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने आगे कहा कि 'सऊदी अरब, फलस्तीन के लोगों के अधिकारों को किसी भी तरह से खारिज करने का विरोध करता है, फिर चाहे वो पुनर्वास संबंधी नीतियां हों, जमीन पर कब्जा हो या फिर फलस्तीन के लोगों को उनकी जमीन से विस्थापित करने की कोशिश के जरिए हो।

सऊदी अरब फलस्तीन के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं करेगा।' सऊदी अरब का यह बयान ऐसे वक्त आया है, जब मंगलवार को ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के साथ व्हाइट हाउस में एक संयुक्त प्रेसवार्ता के दौरान कहा था कि वे चाहते हैं।

# हमास बोला- दूसरे फेज के सीजफायर पर मध्यस्थों से बातचीत, फलस्तीनी पक्ष ने बनाई पुनर्वास समिति

**गाजा ।** इस्राइल और हमास के बीच दो साल से ज्यादा समय तक चले संघर्ष के बाद अभी पहले चरण का युद्ध विराम चल रहा है। इसी बीच हमास के अधिकारी ने दूसरे चरण के युद्ध विराम की बातचीत पर जोर दिया है। दूसरी ओर फिलिस्तीनी प्राधिकरण ने मंगलवार को कहा कि उसने गाजा पट्टी में पुनर्वास समिति का गठन किया है।

**दूसरे चरण पर बात-चीत :** हमास के अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने संघर्ष विराम के दूसरे चरण पर अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थों के साथ बातचीत शुरू कर दी है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि इस्राइल ने पहले चरण की कुछ शर्तों का पालन नहीं किया है। मामले में आतंकवादी समूह के प्रवक्ता अब्देल-लतीफ अल-कानौआ ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अगले चरण पर संचार और बातचीत शुरू कर दी है, जिसमें आगे बंधकों की रिहाई और गाजा पट्टी से इस्राइल की वापसी शामिल होने की उम्मीद है।



### इस सप्ताह के अंत में शुरू होगी बातचीत

हमास समूह के प्रवक्ता हेजम कस्साम ने कहा कि जिन मुद्दों पर सहमति बनी थी, उनका परिनियोजन बहुत कम हुआ है। संघर्ष विराम के दूसरे चरण की बातचीत सोमवार से शुरू होनी थी, लेकिन अब इसे कतर में इस सप्ताह के अंत में जारी रखा जाएगा। हालांकि इन दावों के बीच इस्राइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू इन दिनों अमेरिका के दौरे पर है। जहां उन्होंने सोमवार को ट्रंप के मध्यपूर्व दूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात की और मंगलवार को ट्रंप से मिलेंगे।

### गाजा में पुनर्वास समिति का गठन

साथ ही फिलिस्तीनी प्राधिकरण ने गाजा पट्टी में पुनर्निर्माण और सुधार कार्यों के लिए एक समिति बनाई है। इस समिति का उद्देश्य गाजा में पानी, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सेवाएं प्रदान करना है। हालांकि, यह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह समिति गाजा में काम कर पाएगी या नहीं, क्योंकि हमास अब भी अधिकांश गाजा क्षेत्र को नियंत्रित करता है और इस्राइल फिलिस्तीनी प्राधिकरण की भूमिका को युद्ध के बाद गाजा में स्वीकार नहीं करता है।

# 10 लोगों की नृशंस हत्या देश के इतिहास में सबसे बर्बर, पीएम क्रिस्टर्सन ने जताया शोक

**ऑरेब्रो ।** स्वीडन के ओरेब्रो शहर में एक स्कूल पर हुई गोलीबारी में 10 लोगों की मौत हो गई है। इस गोलीबारी की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। साथ ही स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने इस घटना पर दुख जताते हुए इसे इतिहास में सबसे बर्बर वारदात बताया है।

### घातक हिंसा का उदाहरण

पीएम क्रिस्टसर्न से पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि यह घटना पूरी तरह से निर्दोष लोगों के खिलाफ घातक हिंसा का उदाहरण है और इसे स्वीडन के इतिहास की सबसे गंभीर गैंग की गोलीबारी के रूप में देखा जा सकता है। हालांकि, घटना के इतने देर के बाद भी मारे गए लोगों की सही संख्या, घायलों की संख्या और हमलावर का मकसद स्पष्ट नहीं हो पाया है

उन्होंने आगे कहा कि लेकिन ऐसा समय आएगा जब हम जान पाएंगे कि क्या हुआ, यह कैसे हुआ और इसके पीछे क्या मकसद था। पीएम ने ये भी कहा कि हमें इस घटना को लेकर किसी भी प्रकार की अटकलें नहीं लगानी चाहिए।



स्वीडन में बढ़ती हिंसा

स्वीडन में स्कूलों में बंदूक से हिंसा दुर्लभ है, लेकिन हाल के वर्षों में कई घटनाएं हुई हैं, जिसमें लोग चाकू या कुल्हाड़ी जैसे अन्य हथियारों से घायल हुए या मारे गए। एक नजर पूरी घटना पर स्वीडन के ओरेब्रो शहर में एक स्कूल पर हुई गोलीबारी की वारदात में 10 लोगों की मौत हो गई है। स्वीडिश पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि पुलिस को अभी यह पता नहीं चल पाया है कि गोलीबारी में कितने लोग घायल हुए हैं। स्थानीय पुलिस प्रमुख रॉबर्टो एड फोरेस्ट ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जांचकर्ता गोलीबारी के बारे में और जानकारियां जुटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि गोलीबारी स्कूल (भवन) के अंदर हुई या क्या और भी हमलावर इसमें शामिल थे।

बता दें कि कैंपस रिसबर्गस्का नाम के इस स्कूल में 20 साल से अधिक उम्र के लोग पढ़ते हैं। ये स्कूल स्टॉकहोम से लगभग 200 किमी (125 मील) पश्चिम में मौजूद है। जिसमें 20 साल से अधिक उम्र के छात्रों को प्राथमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा, प्रवासियों के लिए स्वीडिश भाषा की कक्षाएं, व्यावसायिक प्रशिक्षण दिए जाते हैं।

# My GNN पोर्टल की तैयारी अंतिम चरण में, नगर आयुक्त ने की समीक्षा

## जन समस्याओं के समाधान के लिए पोर्टल रहेगा सुविधाजनक : विक्रमादित्य सिंह मलिक





गाजियाबाद, करंट क्राइम। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की उपस्थिति में गाजियाबाद नगर निगम के समस्त विभागीय अधिकारियों को My GNN पोर्टल का प्रशिक्षण दिया गया। सभी विभागों से संबंधित मॉड्यूल पर विस्तृत चर्चा भी की गई। संपूर्ण जानकारी के साथ शीघ्र ही पोर्टल का शुभारंभ होगा, कार्य योजना बनाई गई। बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अवनींद्र कुमार कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, जलकल विभाग के अधिकारी केपी आनंद, मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार चौधरी, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव, उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज प्रभारी प्रकाश आश कुमार, प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह, लेखाधिकारी जेपी सिंह उपस्थित रहे।

### नगर आयुक्त ने की अधिकारियों के साथ पोर्टल पर विस्तृत चर्चा



करंट क्राइम। गाजियाबाद नगर निगम पूर्ण रूप से हाईटेक होने जा रहा है जिसमें सभी विभागों से संबंधित मॉड्यूल पर कार्य पूर्ण हो चुका है। शीघ्र ही सभी निगम के कर्मचारी बाबू अधिकारी व अन्य एक ही पोर्टल पर सभी जानकारी पा सकेंगे। कार्य को रफ्तार मिलेगी, शहरवासियों को भी लाभ मिलेगा। नगर आयुक्त गाजियाबाद द्वारा सभी अधिकारियों के साथ मिलकर पोर्टल पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी को प्रशिक्षण भी दिया गया। नगर आयुक्त द्वारा सभी अन्य विभागों की टीम को भी प्रशिक्षण देने के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि आधुनिक युग में आधुनिक तकनीकी के माध्यम से शहर के कार्यों को रफ्तार दी जा सकती है। जन समस्याओं के समाधान में भी पोर्टल के माध्यम से कार्य की रफ्तार बढ़ेगी। जनप्रतिनिधियों के लिए भी My GNN पोर्टल सुविधा जनक और सरल रहेगा।

# निगम के पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त से की मुलाकात, मांग पत्र पर की चर्चा

## सफाई मित्रों के अधिकार और सम्मान निगम की प्राथमिकता : नगर आयुक्त



### बाहरी व्यक्तियों का सफाई कर्मचारी संघ ने किया बहिष्कार, नगर आयुक्त से की मुलाकात

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद नगर आयुक्त से सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने मुलाकात की, कोई भी बाहरी व्यक्ति बैठक में नहीं रहा सभी निगम स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे जिनके द्वारा सफाई मित्रों के हितों की बात नगर आयुक्त के समक्ष रखी गई, पदाधिकारी जनों ने एक स्वर में बाहरी व्यक्तियों का निगम में हस्तक्षेप ना हो उनका बहिष्कार कर स्वास्थ्य विभाग की कर्मचारियों के हितों की बात नगर आयुक्त से की, बैठक में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, सफाई कर्मचारी संघ से जितेंद्र सूद अशोक मकवाना, राजेश चौहान, ओम पर्चा, संजय चढ़ा, व अन्य उपस्थित रहे। सफाई मित्र गुमराह ना हो गाजियाबाद नगर निगम अधिकारी सफाई मित्रों के हित में लगातार कार्यकर्ता आ रहा है नगर आयुक्त के नेतृत्व में सफाई मित्रों के लिए लगातार बेहतर योजना भी बना रहा है मांग पत्र में मृतक आश्रितों की पत्रावलियों पर तेजी से कार्यवाही करने, सफाई मित्रों को पदोन्नति देने बोर्ड प्रस्ताव के कर्मचारी की आश्रितों को बोर्ड प्रस्ताव में ही रखे जाने व अन्य बिंदुओं पर कार्यवाही करने के लिए नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया।

## मणिपाल हॉस्पिटल पर महापौर सुनीता दयाल का बड़ा एक्शन

# पार्षद की शिकायत पर जांच के लिए भेजी भूजल, प्रदूषण एवं नगर निगम की टीम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर में बहुमंजिला भवन व अनावासीय भवनों द्वारा दूषित पानी को ट्रीटमेंट कर पेड़-पौधों एवं साफ-सफाई धुलाई में प्रयोग करना होता है जिसमें कई बार देखा जाता है कि वह ट्रीटमेंट न करके नगर निगम के नाले या सीवर में पानी डाल देते हैं जिस पर महापौर सुनीता दयाल लगातार नगर निगम की टीम के साथ मौके पर जाकर कार्रवाई भी कर रही हैं।

**वाटर हार्वेस्टिंग एवं नाले में मणिपाल हॉस्पिटल द्वारा बिना ट्रीटमेंट के दूषित पानी डाला जा रहा :** ऐसे ही कई रोज से वार्ड 24 के पार्षद पवन गौतम ने एन एच 9 स्थित मणिपाल हॉस्पिटल की शिकायत महापौर से की थी जिसमें महापौर द्वारा कहा गया था कि मौके पर पहुंच कर देख लो और फिर मुझे बताना, जिसमें पार्षद पवन गौतम मणिपाल हॉस्पिटल मौके पर पहुचे और देखा कि एस टी पी के नाम पर खेल किया जा रहा है। दूषित पानी का ट्रीटमेंट हो ही नहीं रहा है और कुछ दूर पर वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से भूमि के अंदर जा रहा है और बचा हुआ पानी मणिपाल हॉस्पिटल के तिराहे की सड़क पर भरा रहता है।

पार्षद द्वारा तत्काल महापौर सुनीता दयाल को सूचना दी गयी तो महापौर ने नगर निगम, भूजल एवं प्रदूषण विभाग की टीम को मौके पर भेजा जिसमें मौका मुआयना भी किया गया तो बात सही पाई गई।

### महापौर ने भूजल दोहन करने को लेकर सख्त कार्रवाई के दिये निर्देश





टीम द्वारा दूषित पानी के सैंपल लिए गए और भूजल दूषित करने के ऊपर रिपोर्ट तैयार की गयी है जिसे माध्यम से कार्रवाई की जाएगी। महापौर सुनीता दयाल ने भूजल दोहन करने को लेकर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। महापौर द्वारा लगातार भूजल दोहन के ऊपर कार्य किया जा रहा है और भूजल दूषित की शिकायत पर कार्रवाई के लिए टीम भेजी गई है। हॉस्पिटल पर कार्यवाही भी की जाएगी और भूमि के अंदर दूषित पानी के जाने से आस पास के क्षेत्रों में गंभीर बीमारी होने की संभावना भी है जो बहुत चिंता का विषय है। इस पर सभी को कार्य करने की आवश्यकता है अन्यथा हमारी आने वाली पीढ़ी जवानी से ही बीमारियों से पीड़ित रहेगी।

# गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण को लेकर नगर आयुक्त ने विभागों की लगाई क्लास

## अधिकारियों के उड़े होश जब विक्रमादित्य मलिक ने रामप्रस्था के शिकायतकर्ता को लगाया फोन, लिया फीडबैक





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में एकीकृत जन शिकायत निवारण प्रणाली, 311, समीर अप तथा संभव के संदर्भों को लेकर सभी निगम के विभागों से बैठक हुई। बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ सभी विभागों के बाबू, कर्मचारी गण व कंप्यूटर ऑपरेटर भी उपस्थित रहे। सभी से बारी बारी-नगर आयुक्त द्वारा जन समस्याओं के निस्तारण हेतु चल रही कार्यवाही के बारे में जानकारी ली। मौके पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार भी उपस्थित रहे।

**शिकायतों के निस्तारण के बाद प्रतिदिन शिकायतकर्ताओं से फोन पर बात अवश्य करे टीम : नगर आयुक्त** – मुख्य रूप से नगर आयुक्त द्वारा आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की जानकारी चाही गई तथा प्राप्त संदर्भों पर गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण हो निर्देश दिए गए। मौके पर नगर आयुक्त द्वारा रामप्रस्था वार्ड संख्या 97 के शिकायतकर्ता त्रिलोकी चद सिंह लवली से भी फोन लगाकर वार्ता की जलकल विभाग द्वारा किए गए समस्या के समाधान पर फीडबैक भी मांगा, शिकायतकर्ता द्वारा संतुष्टि जताई गई तथा कार्य रफ्तार बढ़ाने के लिए निवेदन भी किया गया। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा वसुंधरा प्रहलाद गाड़ी क्षेत्र के अरुण तथा जितेंद्र श्रीवास्तव साहिबाबाद को भी संपर्क करते हुए फीडबैक लिया गया अधिकारियों को दिए गए फीडबैक पर और बेहतर कार्य करने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए गए।

### 9 से 5 की ड्यूटी नहीं 24 घंटे जन समस्याओं के समाधान हेतु विभाग दिखाए तत्परता : विक्रमादित्य सिंह मलिक

**करंट क्राइम।** उद्यान विभाग टीम स्वास्थ्य विभाग टीम को आपसी समन्वय बनाते हुए शहर हित में कार्य करने के लिए कड़े निर्देश नगर आयुक्त द्वारा दिए गए। कार्य में लापरवाही पाए जाने पर सस्पेंड करने के लिए भी चेतावनी दी गई। प्रतिदिन शिकायतकर्ता से फोन पर वार्ता अवश्य करने के लिए कहा गया। गाजियाबाद नगर निगम शहर हित में 24 घंटे कार्य के लिए तत्पर है। कार्य की रफ्तार बनाए रखने के लिए भी उपस्थित सभी विभागों की टीम को निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम को प्रतिदिन 70 से 90 आईजीआरएस के माध्यम से संदर्भ प्राप्त होते हैं जिनमें 80% निस्तारण की कार्यवाही प्रतिदिन विभागों द्वारा की जाती है। कार्य की रफ्तार तथा गुणवत्ता पूर्वक कार्य करने के लिए टीम को निर्देश दिए गए हैं। अपर नगर आयुक्त व वरिष्ठ प्रभारी को प्रतिदिन मॉनिटरिंग बढ़ाने तथा समस्याओं की गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# पी.एम. श्री कंपोजिट विद्यालय का वार्षिकोत्सव व मां-बेटी मेले का आयोजन हुआ संपन्न



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पी.एम. श्री कंपोजिट विद्यालय मोरटी विकास क्षेत्र - राजापुर गाजियाबाद के प्रांगण में बुधवार को वार्षिकोत्सव व मां- बेटी मेले का आयोजन किया गया। इस वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि -जिला विकास अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तव ,विशिष्ट अतिथि- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव , डी.सी.एम.आई.एस. रुचि त्यागी, डी.सी. बालिका शिक्षा-कुणाल मुगदल,एस.आर.जी.- पूनम शर्मा ए.आर.पी.- पवन कुमार कौशिक ने समय पर उपस्थित हो कार्यक्रम की शोभा को वर्धन किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां के सम्मुख दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण द्वारा किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। 'स्वयं करके सीखना' इस अवधारणा का प्रत्यक्षीकरण विद्यालय के छात्र-छात्राओं में प्रत्यक्ष लक्षित हो रहा था । बच्चों का मेला बच्चों द्वारा जिसमें बच्चों के मानसिक, बौद्धिक ,रचनात्मक, कुशल नेतृत्व क्षमता व सहयोग का सुंदर समन्वय प्रस्तुत हुआ। छात्रों के अंतर्निहित भावों की अभिव्यक्ति के प्रस्तुतीकरण को देखकर उपस्थित जनमानस निरंतर करतल ध्वनि से उनका उत्साहवर्धन करता रहा। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 8 की छात्रा कनिष्का द्वारा किया गया। समस्त अध्यापकगण, इंचार्ज, प्रधानाध्यापक रविंद्र कुमार, अर्चना पंवार, मधु त्यागी, राजबाला पटेल, अंजलि अग्निहोत्री, मधु सिंह, सीमा रानी, मीनू त्यागी, सुनीता सिंह, नीतू सिंह (नोडल बालिका शिक्षा ब्लॉक राजपुर) प्रवीण कुमार, अनिता रानी, भूषण कुमार का मार्गदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा।

# भारत विकास परिषद साहिबाबाद ने किया 'सरल सामूहिक विवाह' का आयोजन







**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** भारत विकास परिषद साहिबाबाद शाखा द्वारा स्वामी विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर, 3 राजेंद्र नगर, साहिबाबाद में पांच कन्याओं का सरल सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। साहिबाबाद शाखा द्वारा किए गए इस मांगलिक कार्य को सात फेरे का नाम दिया गया। साहिबाबाद शाखा के मीडिया प्रभारी प्रधानाचार्य बृजेश जादौन ने बताया कि इस वैवाहिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव नवीन कुमार, क्षेत्रीय सचिव इन्दु वार्ष्णेय, राष्ट्रीय प्रकल्प के सचिव राजीव गोयल, प्रांतीय अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, प्रांतीय महासचिव कवित्त बंसल, प्रांतीय वित्त सचिव राजीव अजमानी, विभाग संघचालक कैलाश के साथ साथ अन्य शाखों के दायित्वधारियों की गरिमामई उपस्थिति रही। पधारे हुए सभी अतिथियों ने वर वधु को मंगलमय जीवन हेतु शुभाशीष प्रदान करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम हेतु मंच संचालन अनिरुद्ध अग्रवाल एवं दिनेश गुप्ता ने किया। बारात की चढ़त का कार्यक्रम हनुमान मंदिर, श्याम पार्क एक्सटेंशन से क्षेत्र की लोकप्रिय निगम पार्षद कविता भाटी, परिषद् परिवार के अनेक सदस्यों के साथ व्यापार मंडल साहिबाबाद के विधानसभा अध्यक्ष प्रवीण भाटी की अगुवाई में किया गया। बारात के दरवाजे पर पहुंचने पर साहिबाबाद शाखा के अध्यक्ष हरीश गर्ग, सचिव सन्नी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष एमपी अरोड़ा, महिला संयोजिका विशाखा अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक अनिरुद्ध अग्रवाल, प्रभारी दिनेश गुप्ता, सह प्रभारी अंजू गुप्ता, निशी शर्मा, सुमित गोयल एवं समस्त साहिबाबाद शाखा के सदस्यों द्वारा किया गया। परिषद के संरक्षक सी.एल. बरेजा एवं अध्यक्ष हरीश गर्ग द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया।

इस मौके पर भारत विकास परिषद के सदस्य अरुण शर्मा, केके शर्मा, अमिताभ अग्रवाल, बी सी जैन, अरविंद गर्ग, बीके वर्मा शैदी, वी के हांडा, मिथिलेश द्विवेदी, आयुष गर्ग, पवन बत्रा, वरुण अग्रवाल, नितिन मित्तल ज्ञानेश, अमृतलाल जावा, सेतु अग्रवाल, शोभा गुप्ता, ज्योति मित्तल, गीता शर्मा, नीतू सिंह, नीलम जावा, ममता शर्मा, रश्मि गुप्ता, आशा अरोड़ा, अर्पिता, विनीता अग्रवाल, ममता बत्रा, बालकिशन गुप्ता, ज़िलाध्यक्ष अशोक भारतीय, प्रदीप चौधरी, चौधरी महिपाल सिंह बैंसला समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

# मुठभेड़ के बाद गैंगस्टर डी-342 गिरफ्तार

## मधुबन बापूधाम थाने की गाड़ी पर चलाई थी गैंगस्टर दीपक ने गोली

**गाजियाबाद करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बदमाश और पुलिस के बीच बुधवार को मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दीपक नाम के गैंगस्टर डी-342 को गिरफ्तार किया है। मूलरूप से बुलंदशहर का रहने वाला 23 वर्षीय दीपक गैंगस्टर है और उसपर कवि नगर, नंदग्राम और मधुबन बापूधाम पर कुल सात मुकदमे दर्ज हैं। वहीं वह गैंगस्टर का भी मुलजिम है। पुलिस उसको एक मामले में पूछताछ के लिए लेकर आई थी। इस दौरान उसने मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में तमंचा उठाकर पुलिस पार्टी पर फायर किया जो गोली सीधे मधुबन बापूधाम थाना प्रभारी की गाड़ी के शीशे पर जाकर लगी। इस दौरान गनीमत रही कि चालक विनोद कुमार शर्मा बाल बाल बच गए। इसके बाद पुलिस ने भी बदमाश पर गोली चलाई और उसके पैर में गोली मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया। एसीपी कवि नगर स्वतंत्र सिंह ने बताया है कि आरोपी दीपक गैंगस्टर का आरोपी है और इस पर चोरी ,लूट और छिनैती के कई मुकदमे दर्ज हैं।

### गैंगस्टर दीपक पर दर्ज हैं सात गंभीर धाराओं के मुकदमे



### मधुबन बापूधाम थाना लगातार कर रहा है कार्रवाई

**करंट क्राइम :** एसीपी कवि नगर स्वतंत्र सिंह ने जानकारी दी है कि मधुबन बापूधाम थाना पुलिस बीते कई दिनों में आरोपियों खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है। बीते दिनों जहां कुंडल लुटेरे गैंग के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई थी। तो गैंगस्टर के साथ भी पुलिस की मुठभेड़ हुई है। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी मधुबन बापूधाम शैलेंद्र सिंह तोमर, चौकी प्रभारी सेक्टर-23 सचिन और पूरी टीम इन दिनों अपराधियों के विरुद्ध अभियान चला रही है। जिसका नतीजा है कि अबतक कई आरोपियों के साथ मुठभेड़ और कई बड़े सनसनीखेज मामलों का खुलासा भी मधुबन बापूधाम पुलिस द्वारा किया जा चुका है।

# रंजिश में दोस्त ने की दोस्त की हत्या

## अपमान का बदला लेने के लिए रस्सी से गला दबाया



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ पुलिस ने एक हत्या के मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।31 जनवरी को मिले एक शव की पहचान मुन्ना पुत्र रफीक के रूप में हुई थी। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी कमरुद्दीन उर्फ कम्मू ने पुरानी रंजिश के चलते अपने दोस्त मुन्ना की हत्या कर दी। सीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि आरोपी कमरुद्दीन ने पूछताछ में बताया कि वह बेलदारी का काम करता है। रामपुर रोड स्थित चमड़ा पैठ में उसकी मुलाकात मुन्ना से हुई थी। दोनों अक्सर साथ में शराब पीते थे। कुछ महीने पहले दोनों के बीच झगड़ा हुआ था।

पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा जिसमें हाथापाई के दौरान लोगों ने कमरुद्दीन को भला-बुरा कहा था। इस अपमान का बदला लेने के लिए 30 जनवरी की शाम को जब मुन्ना मिला, तो दोनों चितौली रोड स्थित भट्टे के पास खेतों में शराब पीने चले गए। वहां दोनों के बीच फिर विवाद हुआ। हाथापाई शुरू हो गई। इसी दौरान आरोपी ने मुन्ना का गला रस्सी से दबा दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को रामपुर रोड नाले के पास से गिरफ्तार किया। वारदात में इस्तेमाल की गई रस्सी भी बरामद कर ली। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे







गाजियाबाद (करंट क्राइम)। देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और उनके परिवार को यूं ही कार्यकर्ताओं का इतना प्यार नहीं मिलता। इस प्यार के मिलने की वजह इस पोस्ट को देखकर समझी जा सकती है। यह पोस्ट अहसास करा रही है कि यह परिवार अपने सभी कार्यकर्ताओं के साथ एक समान स्नेह रखता है। उनके हर सुख-दुख के कार्यक्रम में शामिल होता है। यूथ आइकॉन नीरज सिंह, गौमती नगर के जिला मंत्री हंस राज रावत के पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल हुए। बाकायदा उन्होंने अपनी प्रस्तुति को अपने फेसबुक पर अपलोड किया। पार्टी के जिलामंत्री के प्रति उनका स्नेह बना करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।